

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 01 सितंबर 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष -41 ■ अंक-155 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 02 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## पाकिस्तान की ऐसी बेइज्जती कभी नहीं हुई

### शहबाज के सामने मोदी ने सुनाई खरी-खरी,एससीओ नेताओं का भी मिला समर्थन

**नई दिल्ली,1 सितंबर।** आतंकवाद के खिलाफ भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अभियान लगातार जारी है। इस क्रम में सोमवार को टियांजिन (चीन) में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की सालाना शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने दो टूक कहा कि आतंकवाद पर कोई भी दोहरापन स्वीकार्य नहीं है। इस मंच पर पाकिस्तान के पीएम शाहबाज शरीफ भी मौजूद थे और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी। भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने को लेकर पाकिस्तान की भूमिका जगजाहिर है जबकि चीन भी वैश्विक मंचों पर कई बार इस मुद्दे पर अपने मित्र देश पाकिस्तान को कवर देता रहता है। बहरहाल, एससीओ सम्मेलन के बाद जो घोषणा पत्र जारी किया गया है उसमें हर तरह के आतंकवाद की कड़ी भर्त्सना की गई है। एससीओ ने भी कहा है कि आतंकवाद पर दोहरा व्यवहार स्वीकार नहीं होगा। इसे भारतीय रुक के महत्वपूर्ण समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए वैश्विक समुदाय से एकजुट होकर इस चुनौती का मुकाबला करने का आह्वान किया। इआतंकवाद को मानवता के लिए साझा खतरा बताते हुए उन्होंने किसी भी रूप में आतंकवाद के समर्थन को अस्वीकार्य करार दिया। आतंकवाद सिर्फ किसी देश की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए चुनौती है। कोई भी देश, समाज या नागरिक इससे सुरक्षित नहीं है। हमें स्पष्ट रूप से कहना होगा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड स्वीकार्य नहीं होंगे। पीएम ने हाल ही में पहलगाम में हुए




आतंकी हमले का जिक्र करते हुए इसे मानवता के खिलाफ खुली चुनौती बताया और इस दुख की घड़ी में भारत के साथ खड़े होने वाले मित्र देशों का आभार जताया।

**अल-कायदा पर कार्रवाई की मांग-** पीएम मोदी ने भारत की एससीओ नीति को तीन स्तंभों सुरक्षा, कनेक्टिविटी और अवसर पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने एससीओ-रैट्स के तहत अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई का नेतृत्व किया और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ आवाज उठाई। कनेक्टिविटी पर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए पीएम ने चाबहार पोर्ट और इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर जैसे प्रयासों का उल्लेख किया, जो अफगानिस्तान और मध्य एशिया से संपर्क बढ़ाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि कनेक्टिविटी के प्रयासों में संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान जरूरी है।

### ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को कैद रखना अन्याय

पीएम मोदी ने वैश्विक संस्थानों में सुधार की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को पुराने ढांचों में कैद रखना अन्याय है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ पर इसके सुधार का आह्वान किया। एससीओ नेताओं की बैठक के बाद जारी घोषणा पत्र में भी आतंकवाद की कड़ी निंदा की गई। इसमें कहा गया कि संगठन के सदस्य देश आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध हैं और आतंकी समूहों का इस्तेमाल स्वीकार्य नहीं है।

## संक्षेप

### पुंछ में एलओसी पर घुसपैठ की बड़ी कोशिश

**जम्मू ,1 सितंबर ।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी से सटे पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (रुशष्ट) पर आज सुबह से ही भारतीय सेना और घुसपैठियों के बीच भीषण गोलीबारी जारी है। सेना ने सोमवार सुबह पुंछ के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, जिसके बाद यह मुठभेड़ शुरू हो गई। रक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सेना के सतर्क जवानों ने आज सुबह बालाकोट सेक्टर के डब्बी इलाके में बाड़ के आगे जीरो लाइन के पास कुछ संदिग्ध हलचल देखी। जब जवानों ने संदिग्ध घुसपैठियों को ललकारा तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। भारतीय सेना ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी होने लगी। सूत्रों ने बताया कि इलाके में अभी भी सेना का ऑपरेशन जारी है। घुसपैठ की कोशिश को पूरी तरह से नाकाम करने और आतंकियों के किसी भी मंसूबे को विफल करने के लिए अतिरिक्त सैन्य बल को मौके पर भेजा गया है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### रक्षा क्षेत्र में अडानी समूह की ऊंची उड़ान

**नई दिल्ली ,1 सितंबर ।** भारत के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में एक बड़े विकास के तहत, दिग्गज उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनी 'अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस अब लड़ाकू विमानों के निर्माण में कदम रखने जा रही है। कंपनी ने रक्षा मंत्रालय के महत्वाकांक्षी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट कार्यक्रम में अपनी भागीदारी की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। राजवंशी के अनुसार, एएमसीए एक 10 वर्षीय विकास कार्यक्रम है, जिसके सफल कार्यान्वयन के बाद पहला स्वदेशी स्टील्थ लड़ाकू विमान 2034-35 तक भारतीय वायु सेना के बेड़े में शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, यदि हमें यह प्रोजेक्ट मिलता है, तो हम बाद में उत्पादन में तेजी लाएंगे। गौरतलब है कि हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एएमसीए कार्यक्रम को मंजूरी दी थी, जिसके बाद पहली बार इस कार्यक्रम में सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी का रास्ता भी खुल गया है। सरकार ने इस परियोजना के शुरुआती चरण पर लगभग 15,000 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान लगाया है।

### गोरा बनाने का झांसा देकर पत्नी को जिंदा जलाया

**उदयपुर ,1 सितंबर।** राजस्थान के उदयपुर की एक अदालत ने समाज की आत्मा को झकझोर देने वाले एक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। पत्नी को 'काली और मोटी कहकर प्रताड़ित करने और फिर उसे 'गोरा बनाने का झांसा देकर जिंदा जला देने वाले क्रूर पति को अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोषी किशनदास पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह दिल दहला देने वाली घटना 24 जून 2017 की है, जब वल्लभनगर के नवानिया गांव के रहने वाले किशनदास ने अपनी पत्नी लक्ष्मी की निर्मम हत्या कर दी थी। किशनदास अपनी पत्नी लक्ष्मी को उसके सांवले रंग और वजन के कारण पसंद नहीं करता था और उसे लगातार ताने मारता था।

अतिरिक्त लोक अभियोजक दिनेश चंद्र पालीवाल के अनुसार, घटना की रात करीब 11 बजे किशनदास एक केमिकल लेकर आया और अपनी पत्नी लक्ष्मी से कहा कि यह 'गोरेपन की दवा है और इसे पूरे शरीर पर लगाने से वह गोरी हो जाएगी। उसकी बातों में आकर लक्ष्मी राजी हो गई। इसके बाद किशनदास ने खुद वह केमिकल पत्नी के शरीर पर लगाया और फिर माचिस की तीली जलाकर उसे आग के हवाले कर दिया।

## एससीओ के मंच की एक तस्वीर की विश्व में खूब चर्चा रही

**नई दिल्ली,** भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर एक संदेश जारी कर वाशिंगटन और नई दिल्ली के बीच स्थायी मित्रता की सराहना की है। अमेरिकी दूतावास ने अपनी पोस्ट में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत की साझेदारी नई ऊंचाईयों को छूती जा रही है। ये 21वीं सदी का एक परिभाषित संबंध है। इस महीने हम लोगों, प्रगति और संभावनाओं पर प्रकाश डाल रहे हैं जो हमें आगे बढ़ा रहे हैं। नवाचार, उद्यमिता से लेकर रक्षा और द्विपक्षीय संबंधों तक यही हमारे दोनों देशों की जनता के बीच स्थायी मित्रता है। यानी अब अमेरिका की तरफ से मित्रता की बात की जा रही है। इस पोस्ट की टाइमिंग बेहद ही अहम है। यह संदेश ऐसे समय में आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में गले मिलते और कार में एक अनोखी सवारी करते देखे जाने के बाद तियानजिन में अपनी द्विपक्षीय वार्ता कर रहे थे। पोस्ट के साथ ही दूतावास ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की एक तस्वीर शेयर की है। जिस पर लिखा था कि हमारे दोनों लोगों के बीच स्थायी मित्रता हमारे सहयोग का आधार है और हमें आगे बढ़ाती है क्योंकि हम अपने आर्थिक संबंधों की जबरदस्त



क्षमता का एहसास करते हैं। यह पोस्ट तियानजिन से आई उन बेहद प्रचारित तस्वीरों के कुछ ही घंटों बाद आई है जिनमें मोदी पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ टहलते और बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। मोदी ने बाद में उन तस्वीरों को एक्स पर शेयर करते हुए लिखा एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ विचारों का आदान-प्रदान करते हुए। इससे पहले, मोदी और पुतिन चीन द्वारा रूसी नेता को उपहार में दी गई ऑरस सेडान में रिट्ज-कार्लटन होटल पहुँचे। बाद में, प्रधानमंत्री मोदी ने इस बातचीत को "व्यावहारिक" बताया और बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत-रूस संबंधों की गहराई को रेखांकित किया। अमेरिका की यह पहल देशों के साथ बढ़ते आर्थिक तनाव की पृष्ठभूमि में भी सामने आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने चीन-विशिष्ट शुल्कों के साथ-साथ 10 प्रतिशत के सार्वभौमिक टैरिफ लगाए हैं, और हाल ही में नई दिल्ली द्वारा रूसी कच्चे तेल की निरंतर खरीद के कारण भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत तक का भारी कर लगाया है।

## शिमला में लैंडस्लाइड की चपेट में आने से 5 की मौत

**नैनीताल,1 सितंबर।** हिमाचल में रविवार से तेज बारिश हो रही है। शिमला के कोटखाई, जुब्बल और जुन्गा में देर रात लैंडस्लाइड से 5 लोगों की मौत हो गई। कुल्लू समेत 10 जिलों में सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद हैं। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन सहित 5 नेशनल हाईवे और करीब 800 सड़कें बंद पड़ी हैं। लगातार हो रही बारिश से शिमला के जुन्गा में एक मकान जमींदोज होने से बाप-बेटी की मौत हो गई। वहीं जुब्बल के बढ़ाल गांव में मकान गिरने से 23 साल की युवती की दब गई, जिससे मौत हो गई। कोटखाई में भी मकान ढहने से एक बुजुर्ग महिला कलावती की जान चली गई। सिरमौर के शाईमी में पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें गिरने से एक मकान गिर गया। इससे भी एक महिला की मौत हो गई। रोहड़ू के दयार मोली गांव में रात में भूस्खलन से घरों को खतरा पैदा होने के बाद 4 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। वहीं हमीरपुर के चबूतरा गांव में भी बीती रात को दो मकान ढह गए। मौसम विभाग ने 6 जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, ऊना, मंडी और सिरमौर जिला में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

## हाल जानने बाढ़ प्रभावितों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री

**रायपुर 1 सितंबर.** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों दंतेवाड़ा और बस्तर का हवाई सर्वेक्षण एवं जमीनी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और राहत एवं पुनर्वास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक परिवार तक समय पर सहायता पहुँचना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर संवेदनशीलता और तत्परता आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री साय दंतेवाड़ा के चूड़ीटिकरा वार्ड में बनाए गए अस्थायी राहत शिविर पहुँचे, जहाँ उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने प्रशासन को निर्देशित किया कि शिविरों में पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पेयजल और सुरक्षित आवास की व्यवस्था निरंतर बनी रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने यहां लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल टीम से दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों की तैनाती और मरीजों को दी जा रही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद करते हुए यह भी पूछा कि क्या वे प्रशासन की मदद से संतुष्ट हैं। प्रभावितों ने जिला प्रशासन के त्वरित सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए पुल का भी निरीक्षण किया और क्षेत्र की यातायात व्यवस्था तथा पुनर्निर्माण कार्यों की स्थिति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित गाँवों में सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की शीघ्र



बहाली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राहत और पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा कलेक्टोरेट में जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति, पुनर्वास योजनाओं और प्रभावित परिवारों को दी जा रही तत्कालिक सहायता की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित गाँवों में प्रशासनिक टीमों की निरंतर पहुँच बनी रहे और हर जरूरतमंद तक राहत सामग्री समय पर पहुँचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएँ कठिनाई अवश्य लाती हैं, परंतु प्रशासनिक तत्परता और जनसहयोग से इन कठिनाइयों का समाधान संभव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत शिविरों और प्रभावित गाँवों में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की विशेष देखभाल की जाए तथा स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए।

## अफगानिस्तान भूकंप में 800 लोगों की मौत, 2500 घायल

**काबूल,1 सितंबर।** पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहर प्रांत में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे 800 लोगों की मौत हो गई और 2500 से ज्यादा लोग घायल हो गए. जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, भूकंप का केंद्र जालालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व में था. इसकी गहराई मात्र 10 किलोमीटर थी. भूकंप से कई गांव पूरी तरह तबाह हो गए. तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि पूर्वी अफगानिस्तान में आए भूकंप में मरने वालों की संख्या 800 से ज्यादा हो गई है. सबसे ज्यादा तबाही दूरदराज के कुनार प्रांत में हुई है. कई गांव पूरी तरह तबाह हो गए. मौके पर राहत और बचाव अभियान चल रहा है. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भी इसे 6.0 तीव्रता का बताया, जो रिक्टर स्केल



पर मध्यम लेकिन उथले भूकंप को दर्शाता है. यह भूकंप रविवार रात 11:47 बजे स्थानीय समय पर आया, जो पाकिस्तान सीमा के पास है. बड़ें भूकंप के बाद इलाके में 12 ऑफ्टरशॉक और आए. ज्यादातर रिक्टर पैमाने पर 3 तीव्रता के थे.

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूकंप की घटना पर दुख जताया है.**

नंगरहर स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता अजमल दर्वाइश ने बताया कि मौतें और चोटें मुख्य रूप से जालालाबाद और आसपास के इलाकों में हुईं. 20 मिनट बाद 4.5 तीव्रता का दूसरा झटका आया. बाद में 5.2 तीव्रता का. अफगानिस्तान हिंदू कुश क्षेत्र में स्थित है,जहां टेक्टॉनिक प्लेट के कारण भूकंप आम हैं. तालिबान सरकार ने बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं, लेकिन दुर्गम इलाकों में पहुंच मुश्किल. यह 2023 के 6.3 तीव्रता वाले भूकंप की याद दिलाता है, जिसमें 1500 से 4000 मौतें हुईं थीं. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पोस्ट किया, "अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में आए विनाशकारी भूकंप से गहरी चिंता है. हम अफगान लोगों के प्रति समर्थन और एकजुटता व्यक्त करते हैं.

## हर एक माओवादी कैडर और उनके सहयोगियों को मिलेगी सजा

जगदलपुर. बस्तर में अपनी दहशत कायम रखने के लिए माओवादी लगातार निर्दोषों की हत्या कर रहे हैं। अति संवेदनशील क्षेत्रों में बच्चों को पढ़ाने के लिए निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे युवा शिक्षादूतों की निर्मम हत्या कर माओवादियों ने




अपनी पुरानी टैक्टिक्स को फिर से रिपीट किया है। अपनी मौजूदगी और संगठन के डर को कायम रखने के लिए पिछले डेढ़ साल में माओवादियों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर 8 शिक्षादूतों की हत्या की है। बस्तर आईजी ने शिक्षादूतों की हत्या में शामिल माओवादियों को कड़ी चेतावनी दी है। आईजी ने कहा है कि फोर्स हर एक माओवादी कैडर और उनके सहयोगियों की पहचान कर उन्हें सजा दिलाने का काम करेगी। माओवादी संगठन के इस अमानवीय कृत्य की निंदा करते हुए बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा है कि माओवादियों द्वारा अंजाम दी गई घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

## स्वघोषित 56 इंच सीने वाले नेता अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं : जयराम रमेश

**नई दिल्ली,1 सितंबर।** कांग्रेस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बाद सरकार पर हमला बोला और उस पर तथाकथित ड्रैगन के आगे कायरतापूर्ण घुटने टेकने और आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया। पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान-चीन की जुगलबंदी पर मोदी की चुप्पी को भी राष्ट्र-विरोधी करार दिया। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि भारत लंबे समय से चीन पर आतंकवाद पर दोहरे मानदंड और दोहरी बात का आरोप लगाता रहा है। जयराम रमेश एक्स पर लिखा कि लंबे समय से भारत, चीन पर आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मानदंड और दोहरी भाषा अपनाने का आरोप लगाता रहा है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग से कहा कि भारत और चीन दोनों आतंकवाद के शिकार हैं। अगर यह तथाकथित हाथी का तथाकथित ड्रैगन के आगे झुकना नहीं है, तो फिर क्या है? इससे भी ज़्यादा राष्ट्र-विरोधी बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में एक शब्द तक नहीं कहा -जबकि इसका खुलासा खुद भारतीय सेना के शीर्ष अधिकारियों ने किया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि स्वघोषित 56 इंच सीने वाले नेता अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुके हैं। उन्होंने 19 जून, 2020 को चीन को क्लीन चिट देकर राष्ट्रहित के साथ विश्वासघात किया। अब, 31 अगस्त, 2025 भी तियानजिन में उनके कायरतापूर्ण दंभ के लिए बदनामी के दिन के रूप में याद किया जाएगा। भारत और चीन ने रविवार को वैश्विक वाणिज्य को स्थिर करने के लिए व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया।

## चोर ने पहले श्रीराम को किया प्रणाम, फिर सामान किया पार

**सूरजपुर, 1सितंबर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक अजीबोगरीब चोरी का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में चोर चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले भगवान श्रीराम को प्रणाम करते हुए दिखाई दे रहा है. जानकारी के मुताबिक, घटना वार्ड क्रमांक 16 बड़कापारा स्थित राम चरित मानस भवन की है, जहां नियमित रूप से रामायण पाठ और धार्मिक आयोजन किए जाते हैं. चोर ने पहले श्रीराम जी के आगे नतमस्तक होकर श्रद्धा व्यक्त की और उसके बाद भवन में रखे राशन सामग्री, कमरों में लगे सीलिंग फैन और पाइप समेत लगभग 800 रुपए नकद चोरी कर लिए. इसके साथ ही भवन



के अन्य कमरों से सिलिंग फैन और पाइप भी गायब कर दिए. पुलिस ने इस पूरे मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. फिलहाल यह अनोखा मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है.

# समारोह में डिप्टी सीएम ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,1 सितंबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में पटेल (मरार) समाज द्वारा आयोजित जिला पदाधिकारी शपथ ग्रहण एवं जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री शर्मा सहित मंचासीन अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं मां शाकंभरी देवी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से की। सभी ने समाज की एकता और प्रगति की मंगलकामना की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने समारोह में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 150 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शासकीय सेवा में एक वर्ष के भीतर नियुक्त 15 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों और 53 जनप्रतिनिधियों पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्य को भी सम्मानित किया । उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने समाज की मांगों को पूरा करते हुए महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। उन्होंने ग्राम समनापुर में 50 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कराने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम जोराताल चौक पर मां शाकंभरी देवी का भव्य चौक विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शपथ दिलाई और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पटेल समाज मेहनत, लगन और ईमानदारी का प्रतीक है। समाज की युवा पीढ़ी शिक्षा और सेवा क्षेत्र में आगे बढ़कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही है। ऐसे सम्मान समारोह न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि पूरे समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल , जिला पंचायत सभापति श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी एवं नागरिक सम्मिलित हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि पटेल समाज ने पुरानी परंपराओं और संस्कृतियों को आज भी जीवित रखा है। समाज खेती-किसानी के क्षेत्र में अपनी मेहनत और लगन से पूरे प्रदेश में पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि पटेल समाज के लोग बहुत ही सरल, सहज और आत्मीय स्वभाव के होते हैं। मेहनत और ईमानदारी इनके जीवन का आधार है। । उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समाज की मांगों को पूरा करते हुए महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। उन्होंने ग्राम समनापुर में 50 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण कराने की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम जोराताल चौक पर मां शाकंभरी देवी का भव्य चौक विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज की आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कर रही है। घोषणा के बाद समाज के लोगों में उत्साह का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार और तेज हुई है।

## शैक्षिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों के समग्र विकास पर हुई चर्चा



भिलाई, 1 सितम्बर। छत्तीसगढ़ प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, प्रदेश के शीर्ष विश्वविद्यालय के कुलपति आई.पी. मिश्रा तथा सचदेवा न्यू पीटी कॉलेज के डायरेक्टर चिरंजीव जैन ने एक विशेष शैक्षिक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और विद्यार्थियों के समग्र विकास पर चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और आने वाले समय में आधुनिक तकनीक तथा कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष स्थान रखने वाले कुलपति आई.पी. मिश्रा ने भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुसंधान व नवाचार के लिए प्रेरित किया। वहीं डायरेक्टर चिरंजीव जैन ने कहा कि सही मार्गदर्शन और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से ही युवा राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक शामिल हुए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भी शिक्षा मंत्री से संवाद कर अपनी जिज्ञासाएँ रखीं।

## एक नजर

### ठगी का पैसा प्राप्त किया,गिरफ्तार



**भिलाई, 1 सितंबर।** भिलाई अपने व्यक्तिगत दस्तावेज एवं बैंक खाता की जानकारी प्रयोग में लाकर आनलाइन ठगी की रकम को ट्रांजेक्शन कर प्राप्त करने वाले एक आरोपी को उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है प्रकरण में फरार आरोपियों की तलाश जारी है उतई टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि गृह मंत्रालय के संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त एक्नालेजमेंट के म्यूल एकाउंट नंबर के संबध में जानकारी मिलने पर आईडीएफएसी बैंक उतई दुर्ग के बैंक खाता धारक एम. पकंज ने अपने नाम का व्यक्तिगत पहचान दस्तावेज आधार कार्ड, पैनकार्ड इत्यादि देकर आईडीएफएसी बैंक शाखा उतई में बैंक खाता खुलवाया अपने बैंक खाता के माध्यम से यह जानते हुए कि खाता में आनलाइन ठगी की रकम प्राप्त कर बेईमानी तरीके से अवैध धन लाभ अर्जित करने के प्रयोग में लाया है उक्त खाता में ट्रांजेक्शन चेक करने पर अवैध रूप से 23 जुलाई को 16 लाख रुपए, 19 जुलाई को 5 लाख रुपए, 20 जुलाई को 50 हजार रुपए, 21 जुलाई को 8 लाख रुपए धन अर्जित कर साइबर आनलाइन ठगी की रकम अपने बैंक खाता के माध्यम से ट्रांजेक्शन अपने परिचित के युवक राजू बाघ के साथ मिलकर राजू बाघ के पहचान के दिल्ली निवासी अन्य 02 व्यक्ति के साथ मिलकर व अपने आईडीएफएसी बैंक खाता को उपलब्ध कराकर आनलाइन ठगी की रकम को ट्रांजेक्शन कर प्राप्त किया है राजू बाघ के ट्रांजेक्शन की रकम खाता धारक अपने बैंक खाता में प्राप्त करने की एवज में खाता धारक को 20 हजार रुपए उसके भारतीय स्टेट बैंक खाता में प्राप्त किया। इस प्रकार आरोपियों ने छलपूर्वक बेईमानी से ठगी की रकम प्राप्त करने से आरोपियों के विरूद्ध के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया इस प्रकरण का आरोपी एम. पकंज (36 साल) निवासी मयूर पार्क के पास, वार्ड 21, मदर टेरेसा नगर, केम्प 02 छावनी की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया है

### चाकू से डरा रहा युवक दबोचा गया



**भिलाई, 1 सितंबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के धारदार चाकू दिखाकर धमकाने वाले एक आरोपी के नेवई थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया कि नेवई दशहरा मैदान के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में एक लोहे का धारदार हथियार लेकर लहराते हुए आम लोगों को डरा धमका रहा है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच घेराबंदी कर धरदबोचा पूछताछ में अपना नाम देवेंद्र निर्मलकर निवासी नेवई बस्ती बताया उसके कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जब्त किया है।

### अवैध शराब बेचने वाला पकड़ाया



**भिलाई, 1 सितंबर।** भिलाई रानीतराई थाना क्षेत्र के अवैध शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मुखबिर की सूचना पर ग्राम घोरारी में रानीतराई थाने पुलिस ने दबिश देकर आरोपी ग्राम घोरारी निवासी लोकेश कुमार बंजारे को पकड़ा गया उसके पास से पुलिस ने 38 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है ।

### छेड़खानी करने से मना किया तो चाचा पर युवक ने किया कटर से हमला

**भिलाई, 1 सितम्बर ।** गणेश पंडाल में प्रसाद बांट रहे चाचा के सामने ही उसकी भतीजी को छेड़ने वाले युवक को मना करना चाचा को इतना भारी पड़ा कि गुस्साए युवक ने उस पर कटर से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी वहां से भाग खड़ा हुआ, लेकिन चाचा का बुरा हाल देख भतीजी ने आसपास के लोगो को बुलाया और सभी ने मिलकर सुपेला अस्पताल पहुंचाया। यह पूरा मामला सुपेला थाना क्षेत्र के संजय नगर के कुम्हारपारा का है।

## अपराध रोकने एसएसपी ने दिए सख्त निर्देश



भिलाई, 1 सितंबर। दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में अपराध एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक लिया गया। इस दौरान गणेश विसर्जन एवं आगामी ईद मिलाद उन नबी त्यौहार के दौरान कानून, शांति व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश दिया जुलूस निकालने वाले मार्ग चिन्हित करने, नियत समय पर ही जुलूस निकालने की अनुमति दिए जाने के निर्देश है। गणेश विसर्जन में 5-6 दिवस शेष है संध्या के समय गणेश पण्डालों में अधिक भीड़ होना संभावित है सभी थाना, चौकी प्रभारियों को मुस्तैदी से सुरक्षा ड्यूटी करने की हिदायत दी गई गणेश पण्डालों में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगवाने को कहा गया है बैठक में गुण्डा निगरानी बदमाशों के खिलाफ बॉड ओवर कराने के निर्देश दिए गए। बॉड ओव्हर का उल्लंघन करने वाले गुण्डा निगरानी बदमाशों के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी फरार निगरानी, गुण्डा बदमाशों की पतासाजी करने, आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों को अवगत कराएं कि ऐसे फरार गिरफ्तारी वारंट की अधिक से अधिक की जाए तामीली बैठक में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालाजी कार्रवाई करने को कहा गया है चाकूबाजी की घटनाओं की रोकथाम की जाए, किसी भी व्यक्ति के पास धारदार हथियार, अवैध रूप से चाकू पाए जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी अवैध मादक पदायों अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी है निगरानी, गुण्डा बदमाशों की आमद की जानकारी अनिवार्य रूप से दे। बैठक में एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की थानावार समीक्षा की गई। जिन थानों में प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया जा रहा है उनके थाना चौकी प्रभारियों को समय पर निराकरण के सख्त निर्देश दिए दुर्ग सीएसपी हर्षित मेहर, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, छावनी सीएसपी हेम प्रकाश नायक, एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा, धमधा डीएसपी एलेक्जेण्डर किरो, दुर्ग पुलिस लाइन लाइन चन्द्रप्रकाश तिवारी, आदि मौजूद थे ।

### सिरसा अंडर ब्रिज मरम्मत के लिए 4 सितम्बर तक यातायात बंद

**भिलाई, सितम्बर अगस्त।** सिरसा अंडर ब्रिज (भिलाई-3) में जारी मरम्मत कार्य के चलते सड़क यातायात को अब 4 सितम्बर तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार यह अंडर ब्रिज 28 अगस्त की सुबह 8 बजे से 31 अगस्त की शाम 6 बजे तक बंद रहना तय था, किंतु कार्य की आवश्यकता को देखते हुए इसकी अवधि बढ़ा दी गई है। रेल प्रशासन के अनुसार अंडर ब्रिज की मरम्मत कार्य रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और असुविधा के लिए सहयोग प्रदान करें।

### मेन पाइपलाइन लीकेज के कारण मंगलवार शाम आधे शहर में नहीं होगी जलापूर्ति

**दुर्ग, 1 सितम्बर ।** दुर्ग शहर के कई हिस्सों में मंगलवार (2 सितंबर) की शाम पानी की सप्लाई बंद रहेगी। इसका कारण मालवीय नगर चौक स्थित मुख्य राइजिंग पाइपलाइन में बड़ा लीकेज है, जिसकी मरम्मत के लिए 24 एमएलडी इंटकवेल को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद बुधवार से जल आपूर्ति सामान्य होने की संभावना है।600 एमएम डायामीटर की यह मेन पाइपलाइन काफी समय से लीकेज की समस्या से जूझ रही थी। समय पर सुधार न होने के कारण लीकेज बढ़ता गया, जिससे इससे जुड़ी अन्य पाइपलाइनों और पानी की टंकियों में भी पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इसका सीधा असर इलाके की घरों में पानी की आपूर्ति पर पड़ा। नगर निगम ने 2 सितंबर को इस पाइपलाइन की मरम्मत करने का निर्णय लिया है।

## मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होते तक एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा

**कवर्धा,1 सितंबर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का अनिश्चित कालीन आंदोलन और भी उग्र हो गया है कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक हमारी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं हो जाता है तब तक हम अपना विरोध जारी रखेंगे कर्मचारियों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार ने कई वादे किए थे। जिनमें मोदी की गारंटी के प्रमुख रूप में प्रचारित किया गया था इन बातों को पूरा न किए जाने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है संघ का दावा है कि 160 से ज्यादा बार ज्ञापन देने के बावजूद सरकार ने हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया इसी के चलते 18 अगस्त से प्रदेश के 33 जिलों में लगभग 16000 से ज्यादा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है 29 अगस्त को रायपुर और दुर्ग संभाग के साथ कवर्धा जिले के 180 कर्मचारी रायपुर के तुता धरना स्थल पर शामिल हुए जिनमें मोदी की गारंटी लागू करे लिखे पाम्पलेट आम जनता में वितरित भी किया ताकि लोग हमारे आंदोलन के बारे में जान सके।

### स्वास्थ्य सेवाएं ठप आम जनता परेशान

इस अनिश्चितकालीन हड़ताल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गई है जिससे आम जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्वास्थ्य मंत्री के उस दावे को कर्मचारियों ने भ्रामक जानकारी बताया है जिसमें उन्होंने कहा था की पांच मांगो को पूरी कर दी गई है ।

## धरती और संस्कृति हमारी सबसे अमूल्य धरोहर :शर्मा



**भिलाई, 1 सितम्बर।** भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) के दुर्ग-भिलाई अध्याय द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय विरासत क्विज़ का अध्याय स्तरीय आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के 10 विद्यालयों के 98 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद डॉ. डी.एन. शर्मा ने कहा कि 454 करोड़ वर्ष पुरानी हमारी धरती पर्वतों, नदियों, झरनों, समुद्र, जीव-जंतुओं और ग्लेशियरों से सजी हुई सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है। उन्होंने देशज ज्ञान, लोक परंपराएँ, त्यौहार, लोकगीत व लोकनृत्य को अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए इनके संरक्षण की अपील की। स्पर्धा से पूर्व आयोजित परिचर्चा में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. रजनी नेलसन ने दुर्ग जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक आभूषण संस्कृति और लोक परंपराओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी। अध्याय की संयोजिका डॉ. हंसा शुक्ला ने बताया कि बच्चों में विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु यह क्विज़ प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। प्रतियोगिता दो चरणों में सम्पन्न हुई। पहले लिखित परीक्षा और तत्पश्चात मौखिक क्विज़ के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। विजेता टीमों में प्रथम स्थान डीपीएस भिलाई की निनाशी पंडा व सचित साहू, द्वितीय स्थान शासकीय आदर्श विद्यालय दुर्ग की सुधा सेन व साक्षी साहू, तृतीय स्थान श्री शंकराचार्य विद्यालय हुडको की दक्ष जैन व दक्ष राठौर एवं चतुर्थ स्थान शारदा विद्यालय रिसाली के सात्विक साहू व ऋषभ जैन ने प्राप्त किया। केपीएस भिलाई, शंकरा विद्यालय सेक्टर-10, डीएवी हुडको, मैत्री निकेतन रिसाली, महर्षि दयानंद विद्यालय भिलाई व स्वामी आत्मानंद स्कूल सेक्टर-9 की टीमों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर सहसंयोजक विद्या गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय चित्रकार डॉ. महेश चतुर्वेदी, शानू मोहनन, कांति भाई सोलंकी, विश्वास त्रिपाठी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय साइकिल रैली में 550 लोगों ने लिया हिस्सा



**भिलाई, 1 सितम्बर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित फिट इंडिया छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सायकल रैली का आयोजन 31 अगस्त की सुबह भिलाई में हुआ। रैली का शुभारंभ प्रगति भवन, सिविक सेंटर से किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल सहित विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर अलका बाघमार, कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सत्यनारायण राठौर, ओलंपियन बॉक्सिंग खिलाड़ी राजेन्द्र प्रसाद सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रैली को पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली प्रगति भवन से प्रारंभ होकर शहीद पार्क, परिवार चौक, रेल चौक, डीपीएस चौक, एसएसबी चौक होते हुए जयंती स्टेडियम पहुंची और पुनः प्रगति भवन में सम्पन्न हुई। रैली में लगभग 550 बालक-बालिकाओं, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, टी-शर्ट व टोपी प्रदान की गई। साथ ही ओलंपियन खिलाड़ी राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेन्द्र बंछोर एवं शिक्षक नरोत्तम साहू का सम्मान किया गया। संचालन प्रदीप भुवाल एवं नरोत्तम साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन विलियम लकड़ा ने किया।

## चैतन्य देवियों की झांकी निर्माण का किया भूमिपूजन



**भिलाई, 1 सितम्बर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर चैतन्य देवियों की झांकी निर्माण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम परिसर में ब्रह्माकुमारी बहनों ने श्रीफल फोड़कर झांकी निर्माण का भूमिपूजन किया। यह झांकी ध्वनि और प्रकाश के सुंदर सामंजस्य के साथ सजीव प्रतीत होगी। इसमें ब्रह्माकुमारी बहनें स्वयं चैतन्य देवियों का रूप धारण करती हैं। गहन तपस्या और राजयोग साधना के कारण उनका अडोल भाव श्रद्धालुओं को जड़ मूर्तियों के समान प्रतीत होता है। दर्शन मात्र से ही लोग शांति और दिव्यता का अनुभव करते हैं। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने इस अवसर पर कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी के बाद अब शिव शक्तियों का आगमन होगा। सभी को चाहिए कि वे इन देव शक्तियों का आह्वान करें और अपने जीवन से बुराइयों, व्यर्थ विचारों तथा व्यसनों को समाप्त करने का संकल्प लें। भूमिपूजन के दौरान सभी ब्रह्माकुमारी बहनों ने मौन योग किया। उल्लेखनीय है कि भिलाई ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा यह चैतन्य झांकी प्रयागराज महाकुंभ, उज्जैन सिंहस्थ कुंभ और कोटा में भी प्रदर्शित की जा चुकी है।

## भगवान पुष्पदंत के गर्भ कल्याणक दिवस पर अभिषेक व विधान पूजन उत्साह से किया



**भिलाई, 1 सितम्बर।** सेक्टर-6 स्थित त्रिवेणी जैन तीर्थ में रविवार को भक्तों ने भगवान पुष्पदंत के गर्भ कल्याणक दिवस पर अभिषेक एवं विधान पूजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया। इस अवसर पर 1008 पार्श्वनाथ भगवान, अभिनंदननाथ भगवान और सुमतिनाथ भगवान का भी मंगल अभिषेक किया गया। शांति धारा का सौभाग्य वरुण जैन, कन्हैयालाल अप्पू बाकलीवाल, पंकज जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। उपवासियों में पप्पू छाबड़ा, संजीव जैन और राहुल जैन सम्मिलित रहे। सभा का संचालन अध्यक्ष प्रशांत जैन ने किया। पूजन एवं विधान में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया। सौधर्मेंद्र इंद्र की भूमिका श्रीमान-सौ. सुकुमाल जैन ने निभाई, वहीं पूजन द्रव्य के पुनर्जक का सौभाग्य श्रीमती श्वेता जैन को मिला। पंडित अतिशय शास्त्री जी ने अपने अमृत वचन में दशलक्षण धर्म के अंतर्गत उत्तम सत्य और उत्तम शौच धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि यह धर्म लोभ, लालच और तृष्णा के त्याग पर बल देता है। शौच धर्म का वास्तविक अर्थ बाहरी नहीं, बल्कि आत्मा की आंतरिक पवित्रता है, जो लोभ के त्याग से आती है और व्यक्ति को संतोष की ओर ले जाती है। भक्तों ने मंगल आरती, निर्वाण लाडू एवं भक्ति नृत्य के साथ श्रीफल अर्पित कर भगवान पुष्पदंत के कल्याणक दिवस का समापन किया।

### चारा महंगा, परिवहन में बाधा, जल्द बढ़ सकती है दूध की कीमतें

**भिलाई, 1 सितम्बर ।** भिलाई के गोकुल नगर में रविवार को रायपुर और दुर्ग जिले के डेरी संचालकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेरी संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं को लेकर गहरी चिंता जाहिर की गई।बैठक में प्रमुख रूप से जानवरों के परिवहन में आ रही दिक्कतें, पशु चारे की बढ़ती कीमतें और दूध की कीमतों में अपेक्षित वृद्धि जैसे मुद्दे उठाए गए। डेरी संचालक अशोक यादव ने बताया कि दुधारू पशुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाते समय कुछ असामाजिक तत्व वाहन रोककर बेवजह परेशान करते हैं, जिससे परिवहन प्रक्रिया बाधित हो रही है। इसके अलावा, पशु चारे के रूप में इस्तेमाल होने वाले पैरा व कुट्टी की कीमतों में हाल ही में भारी इजाफा हुआ है,

## देश व्यापी साक्षरता सप्ताह 7 सितम्बर तक

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गो में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उदेद्श्य से 7 सितम्बर तक देश व्यापी साक्षरता सप्ताह और 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन में जिले में शासकीय एवं निजी विद्यालयों में शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा और सप्ताह के आखरी दिन 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिलें में असाक्षरों को साक्षरता के प्रति ध्यान आकार्षित करने के लिए सभी वर्गो के बीच जागरूकता पैदा करने एवं साक्षरता केन्द्र में स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से अध्ययन अध्यापन की रूचि पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी एवं साक्षरता कार्यक्रम के जिला नोडल मुकेश कोरी ने बताया कि संस्थानों में साक्षरता सप्ताह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

### दीदी के गोठ का पहला प्रसारण जिले के कई गांवों में सुनकर

# महिलाओं ने लिया आत्मनिर्भरता का संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,1 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संदेश के साथ आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की अभिनव पहल ÷दीदी के गोठ÷ रेडियो कार्यक्रम का पहला प्रसारण कर शुभारंभ किया गया। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की ओर प्रेरित करने हेतु शुरू किए गए इस कार्यक्रम का सामूहिक प्रसारण कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत उड़िया खुर्द, बाजार चारभाठा, रणवीरपुर एवं बिडोरा महिला संकुल संगठन में हुआ।उड़िया खुर्द महिला संकुल संगठन में आयोजित इस अवसर पर लालाराम साहू, सोहन शिवोपास, शद्य परेटन वर्मा, जनपद सदस्य दिनेश विश्वकर्मा, केवल दास मानिकपुरी, सरपंच प्रतिनिधि श्री कमलेश निषाद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पंचगण उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिव कुमार साहू, कार्यक्रम अधिकारी सेवकुमार चंद्रवंशी, बीपीएम दीपक साहू, पीआरपी सुश्री कामिनी साहू तथा संकुल संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हुए। विभिन्न गांवों से आईं महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संदेश में कहा कि ÷दीदी के गोठ÷ जैसी पहल महिलाओं की आवाज़ को घर-घर तक पहुँचाएगी। बिहान योजना से जुड़ी हमारी दीदियाँ आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा भी दे रही हैं। इनकी प्रेरणादायी कहानियाँ जब हर गाँव और हर घर तक पहुँचेंगी तो अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की नई राह मिलेगी।

दीदी के गोठ कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करना है। प्रसारण सुनने के बाद उपस्थित महिलाओं ने आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने का संकल्प लिया। उड़िया संकुल की महिलाओं ने मंच से अपनी उपलब्धियों और सफलता की कहानियों को साझा किया, जिससे अन्य समूहों की महिलाओं को नई ऊर्जा और हौसला मिला।

### पुजारी की हत्या का 12 घंटे में खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 1 सितम्बर ।** बिलासपुर जिले के तखतपुर क्षेत्र के परसाकापा स्थित पाठ बाबा मंदिर के पुजारी जागेश्वर पाठक की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए सिर्फ 12 घंटे में हत्या में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है।पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या की वजह पुजारी और आरोपी की पत्नी के बीच कथित अवैध संबंध हैं। जानकारी के मुताबिक, पुजारी का आरोपी सुरेश धुरी की पत्नी से संबंध था, जो मंदिर के पास खेत में खेती के दौरान बढ़ा। इस कारण सुरेश और उसकी पत्नी के बीच छह महीने पहले सामाजिक तलाक हो गया था।

## एक नजर

### कार्य में लापरवाही पर पटवारी को नोटिस जारी

**बलौदाबाजार, 01 सितंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को बहुत ही संजीदगी से लिया जा रहा है। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सिमगा के पटवारी सौरभ अग्रवाल अनेक निर्देश के बावजूद डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य में रूचि नहीं लिया जा रहा था जिससे अनुभाग की प्रगति प्रभावित हो रही थी। इस कारण एसडीएम सिमगा द्वारा पटवारी सौरभ अग्रवाल को नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है।जवाब संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### अवैध महुआ शराब बेचते कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार-भाटापारा 01 सितंबर।** 31.08.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम मुसवाठोडी में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब की बिक्री करते हुए हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 1200 कीमत मूल्य का 06 लीटर महुआ शराब एवं बिक्री रकम 100 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- सत्य सुकृत निषाद उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम मुसवाठोडी थाना सिटी कोतवाली।

### रामदेव जयंती उत्सव पर 2 को निकलेगी शोभायात्रा



**रायपुर, 01 सितंबर।** लक्ष्मी रणछोड़ धर्मार्थ न्यास द्वारा संचालित बाबा रामदेव मंदिर, फाफाडीह चौक, इस वर्ष, अपना 48 वां वर्ष धूमधाम से मनाने जा रहा है । इस उपलक्ष में दिनांक 2 सितंबर दिन मंगलवार को सुबह 9:00 बजे मंदिर प्रांगण से रामदेव पीर बाबा की भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जिसका मार्ग देवेंद्र नगर चौक से होते हुए टिंबर मार्केट स्थित, पाटीदार भवन पहुंचेगी तथा कच्छ कड़वा पाटीदार भवन में बाबा रामदेव जी की स्थापना होगी दोपहर पूजा आरती आदि होगी । तत्पश्चात, स्थानीय गुजराती कलाकारों द्वारा एवम् शीतलबेन व्यास की मंडली द्वारा भजन, कीर्तन,भक्ति गीतों की प्रस्तुति होगी। दिनांक 3 सितंबर को मंदिर में ग्रह सांती मंडल पूजन , दुग्ध अभिषेक एवम हवन का कार्यक्रम प्रात 9:00 बजे से 12:00 तक संपन्न होगा ,धर्मलाभ प्राप्त करने हेतु सभी श्रद्धालु भक्तों की उपस्थित प्रार्थनीय है।

### डॉ. सहाय को जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल के हाथों मिला अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार



**श्रीनगर, 01 सितंबर।** यहां के शेर ए कश्मीर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं समाज सेवी प्रो डॉ अजय सहाय को जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने अति विशिष्ट समाज सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत सरकार के केबिनेट मंत्री श्री रामदास आठवले विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विदित हो कि डॉ अजय सहाय विगत चार दशकों से समाज के कमजोर तबकों, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों, पिछड़े ट्राइबल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। साथ ही उन्हें सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं, सामाजिक बुराइयों और अस्वच्छता से होने वाली परेशानियों के बारे में विभिन्न माध्यमों से जानकारी दे कर जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। अपने अभियानों के दौरान वे निशुल्क दवाईयों, हेल्थ सप्लीमेंटस,स्टेशनरी और स्पोर्ट्स आइटम्स, सेनेटरी नैपकिन्स,चरण पादुकाओ , छतरियों आदि का भी वितरण करते हैं। उनके अस्पताल में भी गरीब मरीजों के निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है। देश में डायबिटीज रोग के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर डॉ सहाय द्वारा कभी भी, कही भी डायबिटीज डिटेक्शन कैंप्स का आयोजन किया जाता है।

# अवैध रेत उत्खनन पर 14 टैक्ट्रर जब्त

## विकासखंड शंकरगढ़ के गलफुल्ला नदी में राजस्व व पुलिस अमले ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 01 सितंबर।** अवैध रेत उत्खनन पर रोकथाम के लिए सतत कार्यवाही की जा रही है। नदी में भारी संख्या में ट्रैक्टर लगाकर रेत उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर टीम के पहुंचने पर मौके नदी तट पर लगभग 14 ट्रैक्टर रेत से भरे जा रहे थे और उत्खनन कार्य में 100 से अधिक श्रमिक सक्रिय थे। अवैध रेत उत्खनन वालों के विरूद्ध पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था के मद्देनज़र कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

जिला बलरामपुर-रामनुजगंज के विकासखंड शंकरगढ़ के डीपाडीह कला क्षेत्र में गलफुल्ला नदी से हो रहे अवैध रेत खनन पर राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी ने जानकारी दी है कि गलफुल्ला नदी में भारी संख्या में ट्रैक्टर लगाकर रेत उत्खनन की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल संयुक्त दल का गठन किया। जिस पर नायब तहसीलदार शंकरगढ़ और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त बल तैनात कराया गया था। टीम के पहुंचने पर मौके पर पाया गया कि नदी तट पर लगभग 14 ट्रैक्टर रेत से भरे जा रहे थे और उत्खनन कार्य में 100 से अधिक श्रमिक सक्रिय थे। थाना प्रभारी ने संयम और सूझबूझ से कार्य करते हुए पहले श्रमिकों की भीड़ को शांतिपूर्वक हटाया।

इसके बाद नायब तहसीलदार की मौजूदगी में सभी ट्रैक्टरों को जब्त कर पुलिस चौकी डीपाडीह में रखा गया। साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में विहित प्रावधानों के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही पृथक से की जा रही है। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त प्रयास से अवैध रेत खनन एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि एनजीटी के आदेशानुसार 15 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक नदियों से रेत खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है, जिसके तहत पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था के मद्देनज़र अवैध रेत उत्खनन करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनबाड़ियों और स्कूलों में बच्चों की बन रही सेहत



**रायपुर 01 सितंबर।** आंगनबाड़ियों और स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अब पहले से बहुत खुश हैं। समय पर स्कूल और आंगनबाड़ी खुल रहे हैं। वहां मिलने वाले नाश्ते खीर, पूड़ी, हलवा, खिचड़ी, पोहा, भजिया, सेवई तथा भोजन से उन्हें ऊर्जा भी मिल रही है। गैस सिलेण्डर की व्यवस्था से आंगनबाड़ियों और स्कूलों में भोजन पकाने के दौरान उत्पन्न होने वाले धुएं से भी मुक्ति मिल गई है। इससे रसोईयों के साथ ही विद्यार्थियों और शिक्षकों को भी राहत मिली है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर कोरबा जिले के सभी आंगनबाड़ियों तथा प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में सुबह के नाश्ते की व्यवस्था डीएमएफसे की जा रही है। नाश्ते और सिलेण्डर की व्यवस्था ने आंगनबाड़ी तथा विद्यालय आने वाले बच्चों की रूचि बढ़ा दी है। अलग-अलग दिनों में निर्धारित मेनू के आधार पर उन्हें नाश्ता और भोजन परोसा जा रहा है।

# यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ आप करेगी प्रदेश में प्रदर्शन:गोपाल

**रायपुर 01 सितंबर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा है कि आधा खरीफ सीजन गुजर जाने के बाद भी राज्य में यूरिया की कमी किसानों के लिए चिंताजनक है। इस बार सरकार समय पर डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं करा पायी है। इसी के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा कल 1 सितम्बर 2025 को पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि आज जो यूरिया और खाद की कमी हुई है इसमें सरकार की नाकामी है। कृषि विभाग ने यूरिया और खाद की आपूर्ति के लिए कोई योजना नहीं बनाई थी। प्रदेश के कुछ जगहों पर परेशान किसानों द्वारा आत्महत्या करने की भी कोशिश की है। लेकिन सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं है। छत्तीसगढ़ में इस खरीफ सीजन के लिए किसानों ने करीब 1200 करोड रुपए का कर्ज लेकर धान और अन्य फसलों की जैसे तैसे खाद की कमी के बावजूद बुवाई की है लेकिन सही समय पर यूरिया की कमी से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। बारिश के इस महत्वपूर्ण समय में यूरिया की अनुपलब्धता से फसल उत्पादन पर असर पड़ने का भी खतरा मंडरा रहा है अब तक किसानों की जरूरत का आधा या उससे भी कम यूरिया मिल पाया है जिससे उनकी मेहनत और लागत पर संकट छाया हुआ है। छत्तीसगढ़ की कृषि विभाग द्वारा सभी जिलों की अधिकतर सहकारी समितियां में यूरिया का पर्याप्त भंडारण नहीं किया जा सका। इसलिए आज किसानों को 266 रूपये में मिलने वाला यूरिया 1200 में लेना पड़ रहा है और पहले 1350 रुपए प्रति बैग वाली डीएपी को 2200 रूपये में निजी विक्रेताओं से मजबूरी में खरीदना पड़ा था। यूरिया की किल्लत और कालाबाज़ारी से राज्य के किसान परेशान हैं।

# मनरेगा से निर्मित तालाब किसान के लिए बना सिंचाई और आजीविका का साधन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 01 सितंबर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को न केवल रोजगार प्राप्त हो रहा है बल्कि स्थाई परिसम्पत्ति का निर्माण हो रहा है और आजीविका का साधन भी उपलब्ध हो रहा है। मनरेगा के तहत निर्मित कृषि तालाब बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम अडबंधा के किसान सोमित साहू के लिए सिंचाई की सुविधा और आजीविका का साधन बन गया है।

विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम अडबंधा में मनरेगा के तहत करीब ढाई लाख रुपये की लागत से गंमीणों के लिए करीब 600 वर्गमीटर क्षेत्रफल में प्रथम कृषि तालाब का निर्माण किया गया। इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत को ही कार्य एजेंसी बनाया गया। कृषि तालाब के निर्माण से जल संचयन के साथ ही अन्य व्यक्तिओं में कृषि तालाब निर्माण कराने में रूचि बढती गई। कृषि तालाब में मछली पालन पर अतिरिक्त आमदनी पर विशेष रूचि लिया जा रहा है। किसान सोमित साहू ने बताया कि पूर्व में आजीविका के साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण जीविकोपार्जन में कठिनाई थी। कृषि तालाब के निर्माण से मछली पालन करने से अतिरिक्त आमदनी से परिवार की आय बढ़ने लगी और फसलों की सिंचाई होने के कारण आय में वृद्धि हुई है। मनरेगा से निर्मित तालाब के कारण मेंरे जीवन में परिवर्तन आया और मेरे लिए रोजी-रोजगार प्राप्त करने के लिए भटकना नहीं पड रहा है।

# जीपिकोन 2025 में 500 डॉक्टर शामिल

**रायपुर 01 सितंबर।** गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और मेडिसिन के क्षेत्र में नई प्रगति और नवीनतम जानकारी जानने के उद्देश्य से जनरल प्रैक्टिशनर्स कॉन्फ्रेंस - जीपिकॉन 2025 का आयोजन 23 अगस्त 2025 को वीसीए क्लब, जामठा, नागपुर में सफलतापूर्वक किया गया। इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य जनरल मेडिसिन और गैस्ट्रोएन्टरोलॉजी क्षेत्र में हुई नई प्रगति के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस तरह के कॉन्फ्रेंस फैमिली फिजिशियंस के ज्ञान को बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं, जिससे वे अपनी रोज़मर्रा की मेडिकल प्रैक्टिस को और बेहतर बना पाते हैं। इस वर्ष के सम्मेलन में 500 से अधिक डॉक्टरों और फैमिली फिजिशियंस ने हिस्सा लिया। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसका उद्घाटन महाराष्ट्र सरकार के राजस्व मंत्री और नागपुर और अमरावती जिले के पालक मंत्री श्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

# संभव स्टील ट्यूब्स के चिकित्सा शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा-नेवरा, 01 सितंबर।** नेवरा संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, सरोरा-तिल्दा के सौजन्य से छत्तीसगढ़ डेंटल क्लिनिक और मोर हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम के सहयोहग से ग्राम पंचायत बिलाड़ी में विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हजारो के लगभग मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया. साथ ही मरीजों को निशुल्क दवाओं का भी वितरण किया गया. इस अवसर पर शिविर में पहुंचे तमाम डॉक्टर का फूलों के साथ स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह दे कर उन्हें सम्मानित भी किया गया. संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, सरोरा-तिल्दा की सी एस आर हेड श्रीमती शीतल गोयल ने कहा की जिस तरह से पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहे हैं, लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इनसे बचने के लिए सभी लोगों को हर छह महीने में अपने शरीर की सभी जांचें करानी चाहिए। लोगों का सेवा ही मेरा सबसे बड़ा धर्म है। हमारा मुख्य उद्देश्य है अच्छा इलाज के साथ साथ सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराना।उन्होंने कहा कि हमें खुशी होती है कि जब हमारे शिविर द्वारा किए गए इलाज से रोगी ठीक होकर अपने घर जाते हैं।संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, सरोरा-तिल्दा डायरेक्टर विकास गोयल ने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी हर तरह की जांच और इलाज करा सके और उन्हें फ्री में अच्छी सुविधा ,इलाज और दवा मिल सके। निशुल्क चिकित्सा शिविर में बिलाड़ी सरपंच श्रीमती दुलौरिन गौरी सिंह ध्रुव , के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर शिविर का लाभ उठाया । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड सरोरा के एम जी के मूर्ति चिरंजीत राय ,धनेश साहू ,धर्मेश वैश्य ,गुलाब साहू ,धर्मेश नायक ,सुचिता जैन ,मनीष सिन्हा, जितेंद्र वर्मा ने विशेष योगदान दिया।

# मनरेगा से चिस्दा में बना नया पंचायत भवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 01 सितंबर।** ग्रामीणों के वर्षो का था कि खुद का पंचायत भवन बने। यह सपना अब पूरा हो गया है। उन्हें खुद का स्थायी पंचायत भवन मिल गया है। जहां से गांव की योजनाएं बनाएंगे और विकास की दिशा तय करेंगे। आज यह भवन केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं है, बल्कि गांव की प्रगति और एकजुटता का प्रतीक है। अब पंचायत की बैठकें सुव्यवस्थित तरीके से होंगी, सामुदायिक कार्यक्रम आसानी से आयोजित होंगे और आने वाली पीढ़ियाँ भी इसका लाभ उठा सकेगी। बिलासपुर जिले के मस्तुरी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चिस्दा में नवीन पंचायत भवन के निर्माण होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। मनरेगा के तहत निर्मित पंचायत भवन के लिए कुल 18.03 लाख रूपए की राशि स्वीकृत हुई, जिसमें से कुल 16.61 लाख रुपये की राशि व्यय की गई और 1191 मानव दिवस सृजित हुए। इस भवन के निर्माण से ग्राम पंचायत की बैठकों एवं अन्य सामुदायिक आयोजनों हेतु स्थायी स्थल उपलब्ध हो गया है। पूर्व में बैठक एवं पंचायत सामुदायिक कार्यक्रमों हेतु उपयुक्त स्थल के अभाव से ग्रामीणों को असुविधा होती थी, किंतु अब पंचायत भवन के निर्माण से यह समस्या दूर हो गई है। पंचायत भवन निर्माण कार्य में ग्राम पंचायत के ग्रामीणों, कार्य एजेंसी, समस्त संबंधित शासकीय संस्थाओं एवं विभागों का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से लोगों के सपने साकार हो रहे



**जशपुरनगर 01 सितंबर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में लोगों के पक्के मकान बनाने के सपने साकार हो रहे हैं। चेहरे में खुशी जीवन में सुकून देखने को मिल रहा है। साय के सुशासन में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। जशपुर जिले में आर्थिक रूप से कमजोर विशेषकर गरीब परिवारों को पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है और उनके पारिवारिक जीवन में बदलाव आ रहा है। दूरस्थ अंचलों में निवासरत बाहुल्य वाले इलाकों के लोगों तक योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर विकासखण्ड क्षेत्र में निवासरत् ग्राम बाधरकोना निवास मणिभूषण मिंज को वर्ष 2024 - 2025 में आवास योजना लाभ जिला प्रशासन के प्रयासों से मिला है। खुद के पक्के मकान में अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद भी दे रहे हैं।

# पीएम मोदी के 75वें जन्मदिवस पर यादगार कार्य करने प्रस्ताव पारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 01 सितंबर।** तिल्दा नेवरा निवासी राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच के रायपुर जिला अध्यक्ष आशा देवी साहू एवं दास जी साहू प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ , व प्रदेश प्रभारी छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं मध्यप्रदेश, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी , डॉ राकेश दास जी मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम नरेंद्र मोदी विचार मंच ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी के 75 वे जन्मदिवस के कार्यक्रम को ऐतिहासिक यादगार के रूप में मनाने का लक्ष्य रखा गया। और जन्मदिन पर क्या-क्या कार्य किया जाये किस-किस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीओ को क्या-क्या जिम्मेदारी दी जा सकती है और कौन-कौन से कार्यकर्ता व पदाधिकारी क्या काम कर सकते हैं इस दौरान 16 से 20 खेलों के लिये अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किये गये और सभी प्रभारी से निवेदन किया गया कि अपने नीचे 10 और लोगों का भी टीम बनाये सभी सरकारी स्कूलों सभी गैर सरकारी स्कूलों में जाकर निशुल्क भारतीय खेल गैर परंपरागत खेल का आयोजन किया जाये। इस बारे में रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति से चर्चा करने के लिये टीम का गठन किया गया , शुरुआत में प्रतिस्पर्धा केवल रायपुर जिले में आयोजित होगी इसके बाद अक्टूबर नवंबर महीने में पूरे प्रदेश भर में खेल महोत्सव के रूप में हम इसको आयोजित करेंगे छत्तीसगढ़ प्रदेश के पखांजूर दुरांचल बस्तर संभाग में राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करने की जिम्मेदारी तय की गई उसके लिये एक चित्रकारी प्रतियोगिता भी आयोजन करने का विचार किया गया है ।

# फिटनेस के लिए प्रेरित करने कलेक्टर सहित अधिकारी एवं स्कूली बच्चों ने की सायकिलिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 01 सितंबर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को मोर खेल मोर गौरव संडेज ऑन सायकल का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित अधिकारी -कर्मचारी एवं स्कूली बच्चों ने सायकिलिंग से फिटनेस का सन्देश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोनी ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने फिटनेस शपथ दिलाई।

सायकिलिंग स्थानीय पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाइस्कूल मैदान से प्रातः 7 बजे प्रारम्भ होकर चक्रपाणी हाई स्कूल मैदान से प्रारम्भ होकर तहसील कार्यालय, गार्डन चौक ,बस स्टैंड, यातायात कार्यालय गौरवपथ होते हुए वापस पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाइस्कूल मैदान में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा आहार के साथ व्यायाम और खेलकूद भी जरूरी है। शारीरिक स्वास्थ्य से मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक रहता है और सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने की ऊर्जा मिलती है।उन्होंने बच्चों से कहा कि आहार के रूप में घर का ताजा भोजन का आदत डालें, स्ट्रीट फूड, बाहर का खाना को परहेज करें।

डीएफओ गणवीर धम्मशील ने कहा कि फिट रहना है तो खानपान के साथ खेलकूद भी जरूरी है।शरीर हमारी संपत्ति है और जिस प्रकार सम्पति को सहेजने सुरक्षित रखने में ध्यान देते है उसीतरह शरीर पर भी ध्यान देना है। दिनचर्या में समय का ध्यान देना जरूरी है ,खेल गतिविधि में भाग लें।

इस अवसर पर स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीएम प्रकाश चंद्र कोरी, स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# साइबर जागरूकता शिविर में अपराध से बचाव के संबंध में दी गई जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार-भाटापारा 01 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकार के ठगी से बचाव हेतु आम जनों के मध्य लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 31.08.2025 को थाना राजादेवरी पुलिस टीम द्वारा ग्राम सुखरी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों से सावधान रहने एवं उनसे बचाव के तरीकों को विस्तृत रूप में बताया गया। कार्यक्रम में साइबर अपराध के संबंध में समझाइस देते हुए बतलाया गया कि, किसी भी प्रकार के लोक लुभावने स्कीम के लालच में नहीं आने, किसी भी अजनबी काल को अटेंड नहीं करने, किसी अनाधिकृत लिंक को टच न करने, अपनी बैंक डिटेल की जानकारी किसी भी अजनबी व्यक्ति को नहीं देने आदि के संबंध में तथा किसी प्रकार से भी सायबर ठगी हो जाने पर तत्काल 1930 पर कॉल करके पूरी जानकारी देने हेतु विस्तृत रूप से बताया गया। इसके अतिरिक्त सायबर अपराध, सतर्कता एवं बचाव के तहत बच्चो को इंस्टाग्राम, फेसबुक, टेलग्राम पर खरीदी से सावधानी बरतने, संदिग्ध कॉल्स और मैसेज से सतर्क रहने अनाधिकृत वेब साइट्स और एप्स से सावधान रहने, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने, अपने फोन व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम के पासवर्ड को सुरक्षित रखने और उन्हें दूसरों के साथ साझा न करने के संबंध में सतर्क एवं सुरक्षित रहने समझाइश दिया गया है।

## संपादकीय

# देशहित में लेने पड़ते हैं फैसले

राजनीति हो या विश्व राजनीति हो, दलों व देशों के समीकरण बदलते रहते हैं। कोई देश जब तानाशाही पर उतर आता है,वह छोटे-बड़े देशों का सम्मान नहीं करता है तो उसके खिलाफ विश्व के देश एकजुट होने लगते हैं। यह वक्त होता है नए समीकरण बनने का। इस दौरान वे देश भी एक दूसरे के करीब आते हैं, जिनके बीच कई मुद्दों को लेकदेशहित में लेने पड़ते हैं फैसले राजनीति हो या विश्व राजनीति हो, दलों व देशों के समीकरण बदलते रहते हैं। कोई देश जब तानाशाही पर उतर आता है,वह छोटे-बड़े देशों का सम्मान नहीं करता है तो उसके खिलाफ विश्व के देश एकजुट होने लगते हैं। यह वक्त होता है नए समीकरण बनने का। इस दौरान वे देश भी एक दूसरे के करीब आते हैं, जिनके बीच कई मुद्दों को लेकर तनाव, मतभेद रहते हैं कुछ समय पहले तक कोई सोच नहीं सकता था कि भारत व चीन करीब आ सकते हैं, एक दूसरे के हित में कोई फैसला ले सकते हैं लेकिन अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तानाशाही के चलते आज एससीओ की बैठक में भारत व चीन करीब आ रहे हैं। एक दूसरे का सम्मान कर रहे है,आपसी मतभेद दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। कभी भारत अमरीका से साथ मिलकर चीन का प्रभाव कई क्षेत्रों में कम करने का काम कर रहा था लेकिन जैसे ही अमरीका ने भारत को अपने फैसले मानने को मजबूर करना चाहा तो भारत को बताना पड़ा कि उसके लिए देशहित सर्वोपरि है। वह ऐसा कोई फैसला नहीं कर सकता जिससे देश को नुकसान हो। यही बात अमरीका के पसंद नहीं आई और उसने भारत पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाकर नुकसान पहुंचाया। ऐसे में भारत के लिए जरूरी हो गया था कि वह अमरीका को बताए कि दुनिया बदल गई है और सभी देश उसकी धुन पर नाचने को मजबूर नहीं है। दुनिया के छोटे बड़े देश भी अपने फायदे के लिए स्वतंत्र रूप से फैसले ले सकते हैं। भारत अमरीका के सामने देशहित में अडिग रहा तो इसका असर दुनिया के कई देशों पर पड़ा है, जापान ने अमरीका के खिलाफ फैसला किया, चीन ने मौका देखकर भारत के साथ संबंध सुधारने की दिशा में मजबूत पहल की है। अमरीका भारत के साथ दुश्मन की तरह पेश आया तो भारत व चीन को लगा कि यही वक्त है कि वह दोस्त की तरह एक दूसरे से पेश आएं और अमरीका की चुनौती का दूसरे देशों के साथ मिलकर जवाब दे। उसे बताएं कि अमरीका अकेला लीडर नहीं है, चीन व भारत भी लीडर है तथा एशिया क्षेत्र में वह देशों को एकजुट कर उनका नेतृत्व कर सकते हैं। एशिया के देशों के हित में सोच सकते हैं, बड़े फैसले कर सकते हैं।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यो में बढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आप कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं। आप अपने दिल से लोगों को भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपकी कोई पुरानी गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती हैं। आपने यदि खानपान में बदलाव किया, तो पेट संबंधित समस्या आपको परेशान करेंगी। यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप अपने कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें। वाहनों का प्रयोग आपको सावधानी से करना होगा। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों की चालों को समझना होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। संतान को आप किसी एक्टिविटी को ज्वाइन करा सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोग अपने मेहनत जारी रखें।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप नौकरी में मनमुताबिक लाभ मिलने से काफी खुश रहेंगे। आप अपने शत्रुओं के भी मित्र बन सकते हैं, लेकिन फिर भी आप उन पर भरोसा ना करें। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप संतान को कहीं बाहर जाकर पढ़ाई करने के लिए भेज सकते हैं। आप जीवनसाथी को कही शॉपिंग आदि पर लेकर जा सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। संतान को यदि कोई सेहत संबंधित समस्या थी, तो वह भी ठीक होगी, लेकिन आप अपनी जल्दबाजी की आदत के कारण किसी समस्या में आ सकते हैं। आप अपने कामों को लेकर लापरवाही ना दिखाएं। आपको दिखावे के चक्कर में पड़ने से बचना होगा। आप किसी से काम को लेकर हामी ना भरें, नहीं तो उसे पूरा करने में समस्या अवश्य आएगी। आप किसी नए बिजनेस के लिए कोई पार्टनरशिप कर सकते हैं।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत की आवश्यकता है, तभी उन्हें बेहतर रिजल्ट मिलेंगे। आपको अपनी किसी भी बात को लेकर बेवजह क्रोध करने से बचना होगा, नहीं तो परिवार के सदस्य नाराज हो सकते हैं। आप नौकरी में यदि बदलाव की योजना बना सकते हैं, जिसके लिए आप किसी दूसरे नौकरी के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। आप अपने रहन सहन के स्तर में सुधार लाएंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की रहने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। आप किसी अजनबी की बातों में ना आएं। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों से भी सावधान रहना होगा। संतान आपसे किसी नए वाहन की खरीददारी के लिए बातचीत कर सकते हैं। आप अपने ससुराल पक्ष से किसी व्यक्ति से मेल-मिलाप करने जा सकते हैं।

**तुला** आज का दिन आपके लिए व्यापार के मामले में अच्छा रहने वाला है और आपकी आय में वृद्धि होगी। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। किसी पारिवारिक मामले को लेकर आप किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह मशवरा न करें। व्यापार में आपको अच्छे लाभ मिलेंगे। सेहत में भी उतार चढ़ाव चल रहा था, तो वह भी काफी हद तक दूर होगा। माता-पिता से आपकी अच्छी बॉन्डिंग रहेगी, जिससे आप काम पूरे करने में सलाह मशवरा कर सकते हैं और उनकी सेवा के लिए भी आप समय निकालेंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए धन के मामले का बढ़िया रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। शेयर मार्केट से जुड़े लोग कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम करने की प्लानिंग करेंगे। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुश होगी। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा संभलकर करें। बिजनेस में आपकी दीर्घकालिक योजना को गति मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने कामों से आज एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे, जिससे आपको खुशियों रहेगी, लेकिन आप आज इधर-उधर के कामों में ना पड़ें और अपने समय का सदुपयोग करें। बिजनेस में भी आपको किसी बड़ी डील को फाइनल करने का मौका मिलेगा। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने के पूरी संभावना है। आप शौक मौज की चीजों पर भी अच्छा खासा खर्चा करेंगे, लेकिन आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है, क्योंकि आपकी कोई पुरानी समस्याओं उभर सकती हैं। आप अपनी आंखों का खास ख्याल रखें। संतान की पढ़ाई-लिखाई से संबंधित जानकारी आप उनसे लेते रहें, नहीं तो वह रास्ता भटक सकते हैं। आपको अपने बढ़ते खर्च पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं, जिसमें परिजनों का आना जाना लगा रहेगा। आप कोई अनजान व्यक्ति से लेनदेन करने से बचें।

**कुंभ** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी की बातों से काफी खुश रहेंगे। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने के पूरे संभावना है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो कदम उठाएंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**मीन** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी और आपकी अच्छी सोच का आपको कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपको किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामलों में आपको सावधानी बरतनी होगी, तभी आपको जीत मिल सकती है, क्योंकि विरोधी आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रच सकते हैं।

# जल प्रलय के सन्देश ?

**तनवीर जाफ़री**





भारत के पंजाब राज्य को सबसे उपजाऊ धरती के राज्यों में सर्वोपरि गिना जाता है। इसका मुख्य कारण यही है कि यह राज्य खेती के लिये सबसे ज़रूरी समझे जाने वाले कारक यानी पानी के लिये सबसे धनी राज्य है। सिंधु नदी की पांच सहायक नदियाँ सतलुज, ब्यास, रावी, चिनाब और झेलम इसी पंजाब राज्य से होकर बहती हैं। इन पांचों नदियों में केवल व्यास ही एक ऐसी नदी है जो केवल भारत में बहती है शेष सतलुज, रावी, चिनाब और झेलम नदियाँ भारत से होते हुये पाकिस्तान में भीप्रवाहित होती हैं। यही नदियां जो पंजाब को उपजाऊ भूमि बनाने और यहाँ की संस्कृति का आधार समझी जाती हैं इन दिनों यही नदियां भारत से लेकर पाकिस्तान तक जल प्रलय का कारण बनी हुई हैं। इन नदियों के उफान पर होने का कारण जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार होने वाली तेज़ बारिश यहाँ तक कि अनेक स्थानों पर बादल फटने जैसी घटनाओं को माना जा रहा है। दरअसल पिछले कुछ दिनों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के जलागम क्षेत्रों में असामान्य रूप से भारी बारिश हुई। कई ज़िले तो ऐसे भी थे जहाँ केवल एक ही दिन में पूरे एक महीने की बारिश दर्ज की गई। जैसे केवल अमृतसर और गुरदासपुर में 150-200 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज हुई। इससे शहरी जलनिकासी प्रणाली पूरी तरह फ़ेल हो गयी। दुर्भाग्यवश हमारे देश के अधिकांश राज्यों में बरसाती जल निकासी प्रणाली प्रायः फ़ेल ही रहती है। भ्रष्टाचारयुक्त निर्माण से लेकर सरकारी अम्लों की अकर्मण्यता व ग़ैर ज़िम्मेदार जनता द्वारा नाले नालियों में अवांछित वस्तुओं की डम्पिंग यहाँ तक कि मरे जानवर से लेकर रज़ाई गद्दे बोतलें प्लास्टक पॉलीथिन आदि सब कुछ नालों व नालियों में फ़ेंक देने जैसी ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रवृति, जल निकासी प्रणाली के फ़ेल होने में सबसे अहम भूमिका निभाती है। एक ओर तो भारी बारिश व जलभराव उसके बाद भारत के सबसे विशाल भाखड़ा नंगल डैम, पोंग डैम रणजीत सागर डैम व शाहपुर कंडी जैसे डैम्स से अतिरिक्त पानी का छोड़ा जाना भी पंजाब की बड़े हिस्से की तबाही का कारण बन गया। इन डैम्स से पानी छोड़ना भी इसलिये ज़रूरी हो गया था क्योंकि इनमें इनकी क्षमता से अधिक जलभराव हो गया था। उदाहरण के तौर पर भाखड़ा डैम का जल स्तर 1,671 फीट तक पहुँच गया था तो पोंग डैम का जलस्तर भी अधिकतम से ऊपर चला गया था। इसी के परिणाम स्वरूप राज्य की सतलुज, ब्यास और रावी नदियाँ उफान पर आ गईं थीं। भारत से पानी छोड़ने के कारण ही पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त में भी बाढ़ आई, जहाँ रावी, सतलुज और चेनाब नदियाँ प्रभावित हुईं। इस स्थिति के मद्देनज़र भारत ने पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को तीन चेतावनियाँ जारी कर दी थीं। भारतीय पंजाब के जो ज़िले इस भीषण जल प्रलय में प्रभावित हुये उनमें गुरदासपुर, पठानकोट, होशियारपुर, कपूरथला, अमृतसर, तरन तारन, फिरोज़पुर व फ़ज़िल्का के नाम ख़ासतौर पर उल्लेखनीय हैं जबकि लुधियाना और जालंधर में भी बढ़ का प्रभाव देखने को मिला। दर्जनों पुल टूट गये,सैकड़ों पशु बह गये अनेक वाहन तेज़ बहाव में समा गये। लाखों एकड़ फ़सल तबाह हो गयी ,तमाम मकान बह गये या क्षतिग्रस्त हो गये। दर्जनों जगह से हाईवे व मुख्य मार्ग बंद हो गये। और इस प्रलयकारी हालात से जूझने में कई जगह पंजाब का वह किसान स्वयं को असहाय महसूस करता दिखाई दिया जो हमेशा पूरी हिम्मत व हौसले के साथ दूसरों की सेवा सत्कार के लिये तत्पर दिखाई देता है। एक अनुमान के अनुसार राज्य के 500 से अधिक गांव डूबे गये इन गांवों में लगभग 6,600 से अधिक लोग फंसे थे। अमृतसर के रामदास क्षेत्र में रावी नदी का धुसी बांध टूट गया, जिससे 40 गांव डूब गए। इसी तरह गुरदासपुर में लगभग 150, कपूरथला में क़रीब 115, और अमृतसर में लगभग 100 गांव इस प्रलयकारी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुये। गोया इस बार की बाढ़ ने कृषि-प्रधान पंजाब की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। इस बाढ़ के चलते सैकड़ों घर, 300 से अधिक स्कूल अनेक सड़कें, पुल और बिजली लाइनें आदि क्षतिग्रस्त हो गयीं । अमृतसर में गुरुद्वारा बाबा बुढ़ा साहिब डूब गया। कई जगह रेल यातायात बाधित हुआ अनेक ट्रेन्स कैंसिल कर दी गयीं। हाईवे टूटने व क्षतिग्रस्त होने के चलते 1,000 से अधिक सड़कें बंद कर गयीं । अकेले वैष्णो देवी में बारिश के चलते हुये भूस्खलन से 30 से अधिक मौतें होने की ख़बर है। अभी तक जो अनुमान लगाया जा रहे उसके मुताबिक़ धान, गन्ना व मक्का की लगभग 1.5 लाख एकड़ फ़सल पूरी तरह डूब गई। पंजाब में लगभग 3 लाख एकड़ से अधिक भूमि जलमग्न हो गयी। इन बाढ़ग्रस्त क्षत्रों के किसानों को सितंबर-अक्टूबर में होने वाली रबी की फ़सलों में भी नुकसान की आशंका बनी हुई है। पंजाब में आई बाढ़ से हुआ अरबों रुपये का यह नुक़सान खाद्य मुद्रास्फीति को भी प्रभावित करेगा। बाढ़ और बारिश-संबंधी हादसों से भारत व पाकिस्तान में अनेक मौतें भी हुई हैं जबकि अनेक लोग लापता भी हो गए हैं। इसी तरह हज़ारों पशुओं के बह जाने, मरने,बीमार पड़ने के साथ साथ उनके चारों की भी भारी कमी दर्ज की जा रही है। इन्हीं हालात में बीमारियों का भी ख़तरा बढ़ गया है। इससे पर्यटन उद्योग भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।आपदा के इस समय में सेना एनडीआरएफ़ व एसडीआरएफ़ द्वारा 5,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गयी व उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया। इन ऑपरेशन्स में चिनूक हेलीकॉप्टर, चीता हेलीकॉप्टर,नावें और एम्फीबियन वाहन इस्तेमाल किये गये । पंजाब और ख़ासकर पहाड़ी क्षेत्रों में होने वाली असाधारण बारिश व बादल फटने जैसी अनेक घटनाओं ने मौसम वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया है। इन हालात के लिये जहाँ दुर्लभ परिस्थितियों में पूर्वी, दक्षिणी और पश्चिमी मौसम प्रणालियों के एक साथ आने को ज़िम्मेदार माना जा रहा है वहीं ग्लेशियर का लगातार पिघलते जाना भी बाढ़ को और अधिक भयावह बना रहा है। माना जा रहा है कि यह बाढ़ 1988 की उस भीषण बाढ़ से भी प्रलयकारी है जिसे हज़ार वर्षों में एक बार आने वाली बाढ़ की संज्ञा दी गयी थी। गोया हमें जल प्रलय के इस सन्देश को समझना होगा कि इन हालात के लिये ग्लोबल वार्मिंग के परिणामस्वरूप होने वाला जलवायु परिवर्तन ही सबसे अधिक ज़िम्मेदार है। और निश्चित रूप से विकास और इसके नाम पर पैदा किये गये ग्लोबल वार्मिंग के यह हालात पूरी तरह मानवजनित हैं।

# एक विद्यार्थी का सपना

व्यंग्य

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



आर्थर प्रेंटिस के छात्रावास के कमरे की हवा सिर्फ बासी कॉफी और निराशा की गंध से भरी नहीं थी; यह एक विलक्षण, शानदार महत्वाकांक्षा के विद्युत आवेश से गुंजायमान थी। उसके सामने उसके इतिहास के पेपर का अंतिम मसौदा पड़ा था, "औद्योगिक क्रांतिः मानवीय प्रयास और नैतिक निरीक्षण का एक प्रतिमान," एक ऐसा शीर्षक जो इतना भारी-भरकम था कि यह एक शीर्षक से कम और एक नैतिक अनिवार्यता से ज़्यादा लग रहा था। आर्थर, एक ऐसा छात्र जिसका आत्म-विश्वास इतना गहरा था कि वह अक्सर भ्रम की सीमा तक पहुँच जाता था, इस पेपर को एक असाइनमेंट के रूप में नहीं बल्कि अपनी उत्कृष्ट कृति के रूप में देखता था, एक विद्वत्तापूर्ण वज्र जो शिक्षा जगत की नींव को हिलाने के लिए नियत था। उसके साथी कपड़ा मिलों और भाप इंजनों के बारे में लिख रहे थे; आर्थर प्रगति की आत्मा, इंसान और मशीन के बीच हुए फ़ाउस्टियन सौदे का विश्लेषण कर रहा था। उसने इस पेपर को बुद्धि की एक सिम्फनी के रूप में कल्पना की, एक सावधानीपूर्वक तैयार की गई कहानी जो न केवल उसके शिक्षक, मिस्टर थॉम्पसन को सूचित करेगी, बल्कि अतीत को देखने के तरीके को भी मौलिक रूप से बदल देगी। यह सिर्फ एक C-लेवल का प्रयास नहीं था; यह एक A+ था जिसके जन्म का इंतजार था, एक दोषरहित बौद्धिक कठोरता का गहना जो उसकी अपनी प्रतिभा की भट्टी में गढ़ा गया था। इसका विचार मात्र ही उसकी नसों में प्रत्याशा का रोमांच भेजता था। लिखने की अंतिम रात एक वीर युद्ध था। आर्थर, बढ़ती समय सीमा के खिलाफ एक अकेला योद्धा, एक हुडी में एक आधुनिक-युग का इतिहासकार, अतीत के भूतों के साथ कुश्ती लड़ रहा था। उसने एक पुजारी की तरह प्राचीन धर्मग्रंथ का पाठ करते हुए स्रोतों का हवाला दिया, उसके फ़ुटनोट्स विद्वत्तापूर्ण सच्चाई के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण थे। उसने एक ही वाक्य पर एक घंटा बिताया, अनावश्यक शब्दों को हटाता रहा जब तक कि वह एक पूर्ण, अक्षम्य तथ्य की कठोर सुंदरता के साथ चमक नहीं गया। वह तब तक जागता रहा जब तक सूरज, एक जलता हुआ नारंगी गोला, क्षितिज पर रेंग नहीं गया, उसकी जीत को रोशन करने वाला एक स्वर्गीय स्पॉटलाइट। वह सिर्फ एक पेपर खत्म करने वाला एक छात्र नहीं था; वह एक अग्रणी था, मानव स्थिति का एक खोजकर्ता, एक उत्कृष्ट कृति बनाने वाला एक कलाकार था। उसने सभी महान विचारकों की भारी विरासत को अपने कंधों पर महसूस किया—लॉक, मार्क्स, गांधी—यह सब इस एक, शानदार काम में चरम पर पहुँच रहा था। जब उसने अंततः "प्रिंट" पर क्लिक किया, तो प्रिंटर की आवाज़ एक यांत्रिक भनभनाहट नहीं थी, बल्कि ऐतिहासिक प्रवचन के पवित्र हॉल में उसके आगमन की घोषणा करने वाले एक तुरही की विजयी गर्जना थी। अगली सुबह, अपने हाथ में एक पवित्र स्क्रॉल की तरह पेपर को पकड़े हुए, आर्थर विश्वविद्यालय के पवित्र हॉल में चला। उसके सहपाठी, उनके चेहरे अपनी खुद की सामान्य परिश्रम से पीले और खींचे हुए थे, उसकी जिंदगी की महाकाव्य फिल्म में पृष्ठभूमि के अभिनेताओं की तरह लग रहे थे। उसने मिस्टर थॉम्पसन के कार्यालय को खोजा, एक छोटा, अव्यवस्थित स्थान जो, आर्थर के दिमाग में, उसकी महानता का एक स्मारक बनने वाला था। उसने मिस्टर थॉम्पसन को पेपर सौंपा, एक छात्र की जल्दबाजी में, चोरी-छिपे की गई गति के साथ नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति की शांत गरिमा के साथ जो एक विशाल मूल्य का उपहार प्रस्तुत कर रहा हो। मिस्टर थॉम्पसन, एक ऐसे व्यक्ति जिनका पूरा जीवन खीझ भरी आहों की एक श्रृंखला लग रहा था, ने एक कुढ़न और एक सिर हिलाने के साथ पेपर स्वीकार किया। लेकिन आर्थर की कल्पना में, वह क्षण अनंत रूप से अधिक नाटकीय था। उसने मिस्टर थॉम्पसन की आँखों को चौड़ा होते हुए देखा, जब उन्होंने पहला, सुरुचिपूर्ण पैराग्राफ स्कैन किया तो उनकी साँस गले में अटक गई। उसने शिक्षक के मुँह के कोने को फड़कते हुए देखा, जो उनके सामने मौजूद विशुद्ध, अछूती प्रतिभा का एक मूक प्रमाण था। आर्थर के सिर में, शब्द मिस्टर थॉम्पसन के मुँह से बहने लगे, एक प्रशंसा की जलधारा जो खाली गलियारे में गूँज रही थी। "आर्थर," वह कहेंगे, उनकी आवाज़ भावना से भरी हुई थी, "यह... यह एक पेपर नहीं है। यह एक कलाकृति है। जिस तरह से तुमने कपड़ा उद्योग के उदय को रूमानीवाद की दार्शनिक नींव से जोड़ा है—यह... यह लुभावनी है।" शिक्षक तब आगे की ओर झुकेंगे, एक छात्र की प्रतिभा से विनम्र हुआ एक व्यक्ति। "मैंने तीस वर्षों तक पढ़ाया है, और उस समय में, मैंने केवल कुछ ही पेपर देखे हैं जिनमें इस स्तर की अंतर्दृष्टि होती है। तुम्हारा गद्य गाता है, तुम्हारे तर्क लोहे की तरह मजबूत हैं। तुम्हारे पास एक आवाज़ है, आर्थर। एक स्पष्ट, शक्तिशाली और महत्वपूर्ण आवाज़।" शिक्षक अपनी कुर्सी से उठेंगे, एक परिवर्तित व्यक्ति, उनकी थकावट एक नई ऊर्जा से बदल गई थी, जिस प्रतिभा की उन्होंने अभी-अभी खोज की थी, उसके लिए एक लगभग धार्मिक उत्साह। आर्थर की कल्पना का चरमोत्कर्ष शुद्ध शैक्षणिक गौरव का एक दृश्य था। मिस्टर थॉम्पसन, पेपर को ऐसे पकड़े हुए जैसे वह एक नाजुक पक्षी हो, उसे पलटेंगे और, एक छुरिश के साथ, शीर्ष पर एक पूर्ण, विजयी A+ बनाएंगे। लेकिन यह यहीं समाप्त नहीं होगा। "मैं इसकी प्रतियां बनाने जा रहा हूँ," शिक्षक घोषणा करेंगे, उनकी आवाज़ एक गूंजती हुई उद्घोषणा थी। "मैं इसे विभाग अध्यक्ष को दिखाने जा रहा हूँ। मैं इसे शैक्षणिक पत्रिकाओं में जमा करने जा रहा हूँ। यह सिर्फ एक ग्रेड नहीं है, आर्थर। यह एक शानदार करियर की शुरुआत है। तुम उच्चतम क्षमता के विद्वान हो। तुम्हारे पास पूरा करने के लिए एक नियति है।" आर्थर, जिसकी आँख में कृतज्ञता का आँसू आ गया था, सीधा खड़ा होगा, उसकी नियति उसके सामने प्रकट हो रही थी। उसने खुद को भविष्य में देखा, एक प्रसिद्ध प्रोफेसर, एक सबसे ज़्यादा बिकने वाला लेखक, एक ऐसा व्यक्ति जिसका नाम बौद्धिक प्रतिभा का पर्याय था। पूरी दुनिया उसके कदमों में थी, यह सब उसकी औद्योगिक क्रांति पर उस त्रुटिहीन पेपर के कारण था। लेकिन मिस्टर थॉम्पसन के जीवन की वास्तविकता कहीं कम नाटकीय थी। उनकी मेज पर वर्गीकृत कागज़ों का एक अराजक कब्रिस्तान था, प्रत्येक एक और छात्र के उत्तीर्ण होने के लिए एक हताश प्रयास का प्रमाण था। उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति की दक्षता के साथ ग्रेड दिया जिसने सच्चे प्रतिभा को खोजने की उम्मीद बहुत पहले ही छोड़ दी थी। उन्होंने पढ़ा नहीं; उन्होंने स्कैन किया। उन्होंने कीवर्ड्स, उचित स्वरूपण, और न्यूनतम आवश्यकताओं को देखा जो एक सभ्य प्रयास का गठन करते थे। आर्थर का पेपर, अपने भारी-भरकम शीर्षक और सावधानीपूर्वक तैयार किए गए गद्य के साथ, अंतहीन ढेर में बस एक और शीट था। यह एक पेपर था जिसे गुनगुनी कॉफी की चुस्कियों और संकाय बैठकों के परेशान करने वाले डर के बीच ग्रेड किया जाना था। उन्होंने अपना लाल पेन उठाया, एक ऐसा उपकरण जिसने प्रेरणा देने या निंदा करने की अपनी शक्ति बहुत पहले ही खो दी थी, और एक अलग, पेशेवर हवा के साथ हाशिये में लिखा। हिसाब-किताब का क्षण एक पुस्तकालय की देय-तिथि नोटिस की शांत गंभीरता के साथ आया। आर्थर ने अपनी श्रेणीबद्ध पेपर को वापसी के ढेर में पाया, जो औसत दर्जे के समुद्र में आशा की एक किरण थी। उसने इसे झपट लिया, उसका दिल उसकी छाती में धड़क रहा था, अपनी अच्छी-खासी प्रशंसा प्राप्त करने के लिए तैयार था। लेकिन जैसे ही उसने पेपर को देखा, उसकी भव्य कल्पना चकनाचूर हो गई। शीर्ष पर, कठोर, लाल स्याही में, एक सरल, बिना किसी सजावट के "C-" था। पहले पृष्ठ के निचले हिस्से में एक अकेला, बिना प्रेरणा का नोट लिखा थाः "ठीक-ठाक है। और विवरण चाहिए।" वह नोट, इतना संक्षिप्त और उसके द्वारा कल्पना किए गए सभी सम्मान से रहित, पेट में एक घूंसा था। यह उसकी प्रतिभा का नहीं, बल्कि प्रभावित करने में उसकी पूर्ण और कुल विफलता का एक प्रमाण था। सभी आत्म-मंथन, सभी देर रातें, सभी painstaking अनुसंधान—यह सब एक जम्हाई के साथ मिला था। गहरा नैतिक विश्लेषण, काव्यात्मक गद्य, सावधानीपूर्वक उद्धृत स्रोत—कुछ भी मायने नहीं रखता था। वीडियो से "Wasted!" का अहसास उसकी आत्मा में एक मूक चीख थी, यह अहसास कि उसके भव्य, नाटकीय प्रदर्शन ने एक के दर्शक के लिए खेला था, समय और ऊर्जा की एक पूर्ण और कुल बर्बादी। पराजित होकर, आर्थर कक्षा से बाहर निकला, उसकी उत्कृष्ट कृति अब एक निराशाजनक ग्रेड के साथ सिर्फ एक ढीला कागज़ का टुकड़ा थी। वह एक नायक, एक अग्रणी, एक ऐसा व्यक्ति बनना चाहता था जिसने अपने शब्दों से दुनिया को बदल दिया। इसके बजाय, वह एक औसत दर्जे के ग्रेड के साथ बस एक और छात्र था, शिक्षा जगत की भव्य, लापरवाह गाथा में एक फुटनोट। उसने अपने साथी सहपाठियों को देखा, जो उसके जैसे ही प्रेरणाहीन और थके हुए लग रहे थे, और महसूस किया कि वे सभी एक ही नाव में थे, ग्रेडिंग की अथक लहर के खिलाफ चप्पू चला रहे थे। शैक्षणिक दुनिया, जैसा कि पता चला, प्रतिभा की भव्य घोषणाओं के लिए एक मंच नहीं थी, बल्कि स्नातकों को बाहर निकालने के लिए एक कारखाना थी, उनकी आत्माओं पर "ठीक-ठाक है। और विवरण चाहिए।" की मुहर लगी थी। आर्थर ने प्रणाली को अपनी इच्छा के अनुसार मोड़ने की कोशिश की थी, केवल यह पता लगाने के लिए कि प्रणाली, अपनी अनंत और हलचल भरी उदासीनता में, पहले से ही अपने आप चल रही थी। पेपर, जैसा कि पता चला, कभी एक उत्कृष्ट कृति था ही नहीं। यह सिर्फ एक पेपर था, और वह बस पीछे रह गया था।

# बालों की देखभाल के लिए अपनाएं ये हेयर हैक्स

बालों की केयर का सबसे पुराना व आजमाया हुआ नुस्खा है तेल से चंपी करना। आप नारियल, सरसों या आंवला तेल को चुन सकती हैं। इसके लिए आप सबसे पहले तेल को हल्का गुनगुना कर लें। फिर इस तेल से मालिश करें। हम सभी काले, लंबे व सिल्की बाल चाहती हैं, लेकिन इसके लिए मार्केट में मिलने वाले महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। जबकि देसी नुस्खे वास्तव में बेहद काम आते हैं। पुराने समय में हम सभी ने इन नुस्खों का इस्तेमाल किया है, लेकिन आज हम इन्हें भूलते जा रहे हैं। पुराने समय में जब केमिकल प्रोडक्ट्स नहीं थे, उस समय भी बाल लंबे, घने और चमकदार होते थे। हो सकता है कि अब तक आप भी एंटी-डैंड्रफ शैम्पू या हेयर ग्रोथ सीरम में इनवेस्ट करती आई हों। लेकिन अब अगर आप नेचुरल और बजट फ्रेंडली ऑप्शन ढूंढ रही हैं तो आपको इन पुराने हेयर हैक्स को आजमाना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हेयर हैक्स के बारे में बता रहे हैं- बालों की केयर का सबसे पुराना व आजमाया हुआ नुस्खा है तेल से चंपी करना। आप नारियल, सरसों या



आंवला तेल को चुन सकती हैं। इसके लिए आप सबसे पहले तेल को हल्का गुनगुना कर लें। फिर इस तेल से मालिश करें। हल्के गुनगुने तेल से मालिश करने से सिर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, साथ ही साथ जड़ें मज़बूत होती हैं। इससे ना केवल हेयर ग्रोथ होती है, बल्कि बाल अधिक सिल्की व स्मूथ होती है। साथ ही, इससे तनाव भी कम होता है।

**दही का लगाएं हेयर मास्क**-दही को बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, इसमें प्रोटीन और लैक्टिक एसिड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। दही को अगर बालों में मास्क की तरह लगाया जाता है तो इससे ना केवल डैंड्रफ कम होता है, बल्कि बालों का फ्रिज और रूखेपन की समस्या भी दूर होती है। आप दही को बालों में ऐसे ही लगा सकती हैं या फिर इसमें शहद भी मिक्स किया जा सकता है। करीबन आधे घंटे बाद बालों को वॉश कर लें।

**चावल के पानी का करें इस्तेमाल**-चावल का पानी एक बहुत पुराना नुस्खा है, जो बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। फर्मेंटेड चावल के पानी में इनोसिटोल नामक कार्बोहाइड्रेट होता है जो बालों को मज़बूत करता है और टूटने से बचाता है। आप इसे शैम्पू के बाद इस्तेमाल कर सकती है। बस चावल का पानी बालों में डालकर 5-10 मिनट छोड़ दें और फिर साफ पानी से उसे धो लें।

**चाय से आएगी बालों में चमक**-अगर आप अपने बालों को शाइनी व ग्लॉसी बनाना चाहती हैं तो ऐसे में चाय का इस्तेमाल करें। दरअसल, ब्लैक टी में टैनिन होते हैं जो नेचुरल शाइन देते हैं और साथ ही साथ, इससे बालों का झड़ना भी कम होता है। वहीं, ग्रीन टी का इस्तेमाल करने से डैंड्रफ कम होता है। इसे इस्तेमाल करने के लिए आप पहले चाय बनाएं और फिर उसे ठंडा कर लें। आखिरी में, शैम्पू के बाद इससे रिंस करें।

## सू-दोकू-156

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.156 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## एक नजर

### खनिज न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक 5 को

**उत्तर बस्तर कांकेर 01 सितंबर।** जिला खनिज न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक 05 सितंबर को दोपहर 01बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। उक्त बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने कहा गया है।

### आदि कर्मयोगी अभियान मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण 2 से

**उत्तर बस्तर कांकेर 01 सितंबर।** आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को 02 से 04 सितम्बर तक जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में दी जाएगी, जिसमें सभी ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

### पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से 19 तक रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**राजनांदगांव, 01 सितंबर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव के कक्षा 9वीं, 10वीं 11वीं एवं 12वीं में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु फैकल्टी की व्यवस्था के लिए पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से 19 सितम्बर 2025 तक ऑनलाईन रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। साथ ही समस्त आवश्यक दस्तावेज को 19 सितम्बर 2025 को शाम 5 बजे के पूर्व कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। प्राप्त प्रस्ताव को 22 सितम्बर 2025 को समिति के समक्ष खोला जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

### बैठक में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर

**अम्बिकापुर, 01 सितंबर।** कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित कर राजस्व से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि त्रुटि सुधार, नामांतरण, बटवारा, अविवादित नामांतरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा में किया जाए। कलेक्टर ने भू-अर्जन, आर्थिक सहायता, फसल की गिरदावरी एवं अन्य राजस्व कार्य को नियमानुसार समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का निष्पादन पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। कलेक्टर ने बैठक में अपर कलेक्टर को जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकरण में लापरवाही या कमी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व कार्य सीधे जनता के हित से जुड़े होते हैं, अतः प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समयबद्धता के साथ करें। बैठक में अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक, राम सिंह ठाकुर, अमृतलाल ध्रुव सहित जिले के समस्त राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य केन्द्रों में बच्चों को पिलाई जाएगी नि:शुल्क विटामिन ए की खुराक

**बालोद 01 सितंबर।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके के निर्देशन में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अन्तर्गत शिशु संरक्षण माह 29 अगस्त से 30 सितंबर 2025 तक मनाया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जेके सिंह ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान सत्र का आयोजन मंगलवार और शुक्रवार को किया जाएगा। एक माह तक चलने वाले अभियान को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में सुबह 09 बजे से शाम 04 बजे तक ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बच्चों को विटामिन ए सिरप, आयरन सिरप, बच्चों का वजन तथा आंगनबाड़ी स्थित सत्रों में संपूरक पोषण आहार की सेवाओं का हितग्राहियों की पात्रता और पोषण तत्वों की आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध कराया जाएगा।

# बाढ़ त्रासदी : निरीक्षण के बाद दंतेवाड़ा में पेयजल व्यवस्था बहाली के लिए अपर संचालक ने दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 01 सितंबर।** नगर में आये बाढ़ त्रासदी से नगर में पेयजल व्यवस्था चरमरा गयी है नगर में आये बाढ़ के कारण नगर का इटेकवेल क्षतिग्रस्त हो गया था जिसके कारण नगर में पेय जल आपूर्ति प्रभावित रही है, जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन का अमला बहाली हेतु तत्पर रहे। पेयजल व्यवस्था बहाली हेतु राज्य के अपर संचालक नगरीय प्रशासन विभाग ने दंतेवाड़ा पहुंचकर दिए आवश्यक निर्देश दिए अपर संचालक श्री पुलक भट्टाचार्य द्वारा जिला कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत से मुलाकात कर आवश्यक चर्चा की गई, नगर पालिका क्षेत्र का भ्रमण किया, जिसमें दंतेवाड़ा इन्टेक वेल ,डब्लू टी पी , जे डी कालोनी ओवर हेड टेंक, कटेकल्याण ओवर हेड टेंक और कार्यालय भवन आदि का निरीक्षण किया गया तत्काल इंटेकवेल और ड्ढ्ढक्क को चालू करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर काम चालू करने के निर्देश दिए है ताकि अतिशीघ्र पेयजल मुहैया कराया जा सके। नगर पालिका के समस्त नल जल कर्मचारियों का बाढ़ त्रासदी में विशेष योगदान रहा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा श्री जयंत नाहटा, संयुक्त संचालक श्री जयंत सिंहा, सहायक संचालक श्री पुरानिक सिंह ध्रुव, श्री अभिषेक गुप्ता कार्यपालन अभियंता, संचा. नगरीय प्रशासन एवं विकास, श्री नरसिंग फरेन्द्र, कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम, रायपुर श्री अमर सिंह चौहान कार्यपालन अभियंता, क्षेत्रीय कार्यालय, बस्तर संभाग जगदलपुर श्री दुलेश्वर सोनभद्र, सहायक अभियंता, संचा. नगरीय प्रशासन एवं विकास रायपुर, श्री योगेन्द्र देवांगन, सहायक अभियंता, नगर पालिक निगम रायपुर श्री अमर सिंग सहायक अभियंता, नगर पालिक निगम, जगदलपुर नगर पालिका के सीएमओ वी.के. पालदास, नगर पंचायत गीदम के अभियंता मुकेश कोर्राम बचेली के अभियंता संतोष नेगी, दंतेवाड़ा के अभियंता श्री राजेश ठाकुर, लेखापाल श्री मनोज गुप्ता उपस्थित रहे।

## क्षतिग्रस्त नाला-पुलों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा 01 सितंबर।** नगर पंचायत बारसूर क्षेत्र के मांडेर नाला एवं गणेश बहार नाला के बीच बने वर्षा से क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने तथा पुल के शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पुल के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है, जिससे आमजन, विद्यार्थी एवं किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

पुल का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा मौजूद रहे।

## सीएम के निर्देश पर आपदा प्रभावितों की सहायता तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा 01 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देवसाय के निर्देशन में आपदा प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन सतत कार्य कर रहा है। गौरतलब है कि जिले के सर्वाधिक प्रभावित ग्राम बालपेट, बांगापाल, तुमनार के प्रभावित परिवारों के खातों में विगत दिवस तक 1,91,29,000 की राशि भुगतान की जा चुकी है। इसी क्रम में आज कमिश्नर श्री डोमन सिंह, जिला कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने एवं दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी गाँव तुमनार पहुँचे और अति बारिश से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस गांव में 52 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। तथा बचे हुए प्रभावित परिवारों को आगामी सोमवार तक पूरी राहत राशि कल तक उपलब्ध करा दी जायेगी। इसके साथ ही शाम 5 बजे कमिश्नर द्वारा



मुख्यालय के चूड़ी टिकरापारा वार्ड पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की साथ ही उनके पुनर्वास की स्थिति का मुआयना किया गया। अधिकारियों ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि भोजन, आवास, स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाएंगी। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने घर-घर जाकर बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनीं

### जिला प्रशासन प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रतिबध्द

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 01 सितंबर।** जिला कलेक्टर श्री कुणाल दूदावत द्वारा आज पुनः चूड़ी टिकरापारा पहुंचकर बाढ़ पीड़ित परिवारों से सीधे संवाद किया गया। कलेक्टर ने घर-घर जाकर प्रभावितों की समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि सभी प्रभावित परिवारों को कल तक सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन परिवारों के आधार, राशन एवं निवास जैसे आवश्यक दस्तावेज बाढ़ में नष्ट हो गए हैं, उनके लिए शिविर लगाए जाएं। प्रभावित परिवारों के स्कूली बच्चों को पुनः यूनिफॉर्म और पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही खाद्यान्न और कपड़ों के साथ अब बर्तन भी वितरण किए



जाएंगे। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिला प्रशासन प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। चूड़ी टिकरापारा के समीप स्थित न्यू छात्रावास में प्रभावित परिवारों को अस्थायी रूप से ठहराने की व्यवस्था की जाएगी। भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की भी कलेक्टर ने स्वयं जानकारी ली।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा पूनम पटेल, जिसकी किताबें बाढ़ में नष्ट हो गईं, को प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें और एक टैबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने हाई स्कूल ग्राउंड के समीप इनडोर स्टेडियम में भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को शीघ्र सुलझाने का भरोसा दिलाया। मुख्यालय में बाढ़ प्रभावित परिवारों की स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रशासन ने कहा कि राहत कार्यों में तेजी लाना आवश्यक है। बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न, आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं तथा बच्चों को किताबें और शैक्षणिक सामग्री शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि प्रभावित परिवारों को राहत एवं सहायता पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा मौजूद रहे।

## बीजापुर जिले के 16 संकुल संगठन में हुआ 'दीदी के गोठ' का प्रसारण

**बीजापुर, 01 सितंबर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अन्तगत रेडियो कार्यक्रम ÷दीदी के गोठ÷ का प्रसारण बीजापुर जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे के निर्देशन में जिले भर में एस एच जी की अधिक से अधिक महिलाओं को प्रसारण से जोड़ने हेतु तैयारियां किं गई। जिला स्तर के प्रसारण में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा सहित समूह की महिलाएँ, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए चारों जनपद पंचायतों में भी कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की गई। जिले में स्व सहायता समूह सी जुड़ी दीदियों ने अन्य जिले की दीदियों की सफलता की कहानी सुनी और कार्यक्रम की तारीफकी। रेडियो प्रसारण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहान, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का शुभकामना संदेश के साथ बिहान योजना के दीदियों की कहानी उन्हीं की जुबानी सुनाई गई। जिसमें नारायणपुर की दीदी का कहानी का प्रसारण किया गया। जिले के 16 संकुल संगठन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## कोंडागांव में वूमेन फॉर ट्री योजना का शुभारंभ

**कोण्डागांव, 01 सितंबर।** केंद्र शासन की पहल एवं राज्य शासन के निर्देशों के अनुसार पूरे राज्य में वूमेन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। आज नगर पालिका परिषद कोंडागांव में इस योजना का शुभारंभ बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक लता उसेंडी के द्वारा किया गया। इस योजना के अंतर्गत बँधापारा स्थित ऑडिटोरियम के पास स्विमिंग पूल परिसर एवं आसपास के जगह में पौधारोपण का कार्य शुरू किया गया। योजना का मुख्य उद्देश्य स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ावा देना और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण करना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले। राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद कोण्डागांव क्षेत्र में कुल 1000 पौधे रोपित करने हेतु लक्ष्य मिला था जिसके अंतर्गत आज प्रथम दिन ही लगभग 480 पौधों का रोपण किया गया है। राज्य शासन द्वारा इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 31 अगस्त की तारीख निर्धारित की गई है। इस योजना का संक्षिप्त विवरण देते हुए विधायक उसेण्डी ने बताया कि यह योजना स्व सहायता समूह की महिलाओं को उनकी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहा है।

## दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम सरकार की अभिनव पहल : आशाराम नेताम

**उत्तर बस्तर कांकेर 01 सितंबर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' के अंतर्गत विशेष रेडियो कार्यक्रम ''दीदी के गोठ'' का प्रसारण शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केन्द्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केन्द्रों से एक साथ प्रसारित किया गया। ''दीदी के गोठ'' रेडियो कार्यक्रम में केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का शुभकामना संदेश के साथ ''बिहान'' योजना के दीदीयों की सफलता की कहानी उन्हीं के जुबानी में सुनाई गई। ''दीदी के गोठ'' रेडियो कार्यक्रम को सुनने के लिए जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में विशेष व्यवस्था की गई थी। क्षेत्रीय विधायक श्री आशाराम नेताम, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती तारा ठाकुर,



जिला पंचायत सदस्य सुश्री मृदुला भास्कर, जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी सहित जनप्रतिनिधि व स्व-सहायता समूह की दीदीयां बड़ी संख्या में मौजूद थीं। स्व-सहायता समूह की दीदीयों को संबोधित करते हुए विधायक श्री नेताम ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम अभिनव पहल है, इससे स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को नई दिशा व प्रेरणा मिलेगी। वे अपने कार्य को नई ऊर्जा के साथ करते हुए आत्मनिर्भर बनेंगे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ी सम्मानित




**उत्तर बस्तर कांकेर, 01 सितंबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुसार स्वस्थ एवं फिट समाज की दिशा में हो रहे प्रयासों के तहत आज जिला मुख्यालय कांकेर में फिट इंडिया साइकिल रैली का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में किया गया। रैली नरहरदेव पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर से प्रारंभ होकर पुराने बस स्टैण्ड होते हुए पुनः विद्यालय के खेल मैदान में सम्पन्न हुई। रैली को जिला शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस तरह तीन दिवसीय कार्यक्रम का आज समापन हुआ। इस दौरान पहले दिन आउटडोर प्रतियोगिताएं (रिले-रेस, फुटबॉल, हॉकी एवं वॉलीबॉल), दूसरे दिन इनडोर खेल (कैरम, शतरंज, फुगड़ी, बैडमिंटन, रस्साखीच एवं कुर्सी दौड़) तथा तीसरे और अंतिम दिन सद्भावना साइकिल रैली का आयोजन किया गया। नरहरदेव स्कूल प्रांगण के डोम में समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## हादसे रोकने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**अम्बिकापुर 01 सितंबर।** समाज में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश स्तर पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष निरुपा सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर, वरिष्ठ पार्षद एवं समाजसेवी करता राम



गुप्ता और जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा उपस्थित रहे।

मंच पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आशीष मिश्रा, चिराग वेलफेयर के सामाजिक कार्यकर्ता मंगल पांडेय, यातायात प्रभारी अभय तिवारी एवं एपीओ सुनील तिवारी भी उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में अभय तिवारी, करता राम गुप्ता, मंगल पांडेय, सुनील तिवारी, मंजू (प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल बड़ा दमाली) एवं अनिता विश्वकर्मा (व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल परसा) शामिल थे। दीप प्रज्वलन के पश्चात मुख्य अतिथि निरुपा सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी सुरक्षा स्वयं करना ही सबसे बड़ी जागरूकता है। युवा यदि चाहें तो समाज का रूप बदल सकते हैं। पायल सिंह तोमर ने कहा कि विद्यालय की तरह यदि हम यातायात में भी अनुशासन रखें तो दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

करता राम गुप्ता ने यातायात नियमों की जानकारी और पालन को आवश्यक बताया। वहीं मंगल पांडेय ने कहा कि सच्ची जागरूकता वही है, जब हम ज्ञान को जीवन में अमल में लाएं।

# स्वदेशी मेला, आत्मनिर्भर भारत की ओर बस्तर का ऐतिहासिक कदम

■ लालबाग मैदान में 1 से 8 अक्टूबर तक भव्य आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 01 सितंबर।** आत्मनिर्भर भारत का संकल्प अब केवल नारा नहीं रहा, बल्कि धरातल पर उतारने की दिशा में ठोस पहल बन चुका है। इसी कड़ी में बस्तर में 1 से 8 अक्टूबर तक लालबाग मैदान में स्वदेशी मेला स्वावलंबन की ओर बढ़ता भारत की ऐतिहासिक मेजबानी करने जा रही है। इस आयोजन के बहाने न केवल स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को एक बड़ा बाजार मिलेगा, बल्कि बस्तर की कला-संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर भी प्राप्त होगा। मेला आयोजन की घोषणा बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में हुई। ब्रोशर विमोचन के



साथ ही समिति गठन की औपचारिक घोषणा भी की गई। आयोजन में मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, प्रान्त संयोजक स्वदेशी जागरण मंच जगदीश पटेल, प्रांत संपर्क प्रमुख सुब्रत चाकी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री केदार कश्यप ने कहा स्वदेशी आज देश की प्रथम आवश्यकता है। हमें प्रयास करना चाहिए कि जीवन के हर क्षेत्र में स्वदेशी का उपयोग बढ़ाएं और राष्ट्र को मजबूत करें। विधायक किरण सिंह देव ने इसे आर्थिक युद्ध के खिलाफ देश का हथियार बताया।सीमा पर सैनिक लड़ते हैं, लेकिन आज देश के भीतर आर्थिक मोर्चे पर लड़ाई हमें लड़नी है। इसके लिए स्वदेशी अपनाना ही होगा।

महापौर संजय पाण्डे ने आयोजन को विकसित भारत 2047 के संकल्प से जोड़ा। उन्होंने कहा यह मेला न केवल व्यापार को दिशा देगा, बल्कि राष्ट्रहित और समाजहित को ध्यान में रखते हुए आर्थिक नीतियों को भी मजबूत करेगा।

संपूर्ण आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए समितियों का गठन हुआ। जिसमें स्वागत समिति के अध्यक्ष श्याम सोमानी, सचिव संजय पाण्डे, संयोजक किशोर पारख, सह संयोजक लक्ष्मण झा, देवेन्द्र देवांगन महिला प्रमुख श्रीमती आशा डोडिया,सह महिला प्रमुख श्रीमती कल्पना शर्मा की घोसणा की गई।

**स्वदेशी आंदोलन की पुनर्प्रतिष्ठा**

यह मेला केवल एक व्यापारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि स्वदेशी आंदोलन की पुनर्प्रतिष्ठा है। महात्मा गांधी ने जिस स्वदेशी को आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता का आधार बताया था, वही विचार आज बदलते वैश्विक परिदृश्य में फिर से प्रासंगिक हो उठा है।

इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रान्त पूर्ण कालिक शंकर त्रिपाठी, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, राणा घोष, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, श्वेता बघेल, योगेंद्र पांडे, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, महेन्द्र कांत संघाणी, पंकज बोथरा, श्रीमती प्राची गर्ग, कौशिक शुक्ला, नवरतन जलोटा, ऋषि हेमानी, बी जयराम, पंकज सिंघल, राजकुमार दंडवानी, धरमचंद शर्मा, अनिल पटेल, रोहित सिँह बैस, निशांत नाहटा, गजेंद्र चांडक, भूमिका साहा, वर्षा सोनी, अभिषेक झा, रोशन सिसोदिया, पारुल बोथरा, गायत्री बघेल, यशवर्धन राव, चंद्रेश चांडक, झरना मोहन्ति, अनुपमा चौकसे, ममता राणा, हेमलता नायक, हितप्रीता ठाकुर आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन अप्रतिम झा ने किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 3 दिवसीय फिटनेस गतिविधियों का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 01 सितंबर।** जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वथान में दिनांक 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद जी की जन्म जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मे मनाया जाता है, साथ ही वर्ष 2019 माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा 29 अगस्त को ही फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ किया गया था। जिसके तारतम्य में दिनांक 29 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस गतिविधियो का 3 दिवसीय आयोजन जिला स्तर पर किया गया।

श्री कुणाल दुदावत जिला कलेक्टर के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं जिला खेल अधिकारी दन्तेवाड़ा श्री जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में




राज्य में खेल एवं फिटनेस गतिविधियो मे जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से जिला स्तर पर दिनांक 31 अगस्त 2025 को इंडोर स्टेडियम दन्तेवाड़ा मे सायकल रैली का आयोजन किया गया। आयोजन का भव्य शुभारंभ माननीय श्री नंदलाल मुडामी जिला पंचायत अध्यक्ष दन्तेवाड़ा, माननीय श्री अरविन्द कुंजाम, उपाध्यक्ष जिला पंचायत दन्तेवाड़ा, माननीय श्री गुप्त कैलाश मिश्र, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा, माननीय श्री रामू राम नेताम सदस्य जिला पंचायत दन्तेवाड़ा, माननीय श्री रमेश गावडे, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा, श्री मुकेश शर्मा जी, उपाध्यक्ष जिला भाजपा दन्तेवाड़ा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के सानिध्य मे समपन्न हुआ।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 व 10 अक्टूबर को रायपुर में

**रायपुर, 1 सितंबर।** छत्तीसगढ़ सरकार के रोजगार एवं प्रशिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय रोजगार मेला रायपुर में आगामी 9 और 10 अक्टूबर 2025 को आयोजन किया जाएगा। इस मेले में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को विभाग की वेबसाइट https://erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। विभागीय मंत्री श्री गुरू खुशवंत साहेब ने युवाओं से अपील की है कि वे समय रहते ऑनलाइन पंजीयन अवश्य कराएँ और इस राज्य स्तरीय रोजगार मेले का लाभ उठाएँ। राज्य स्तरीय रोजगार मेले में जिंदल स्टील रायपुर, एयरटेल पेमेंट बैंक, ऑटो सेंटर बिलासपुर, राजस्थान कपड़ा मिल, सतलज कपड़ा इंडस्ट्री में रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। इसी प्रकार रिलायंस निप्पोन, रुद्र इंटरप्राइज, शांता टेक्नो, सन ब्राइट, ट्रेडमेन गारमेंट्स, कॉसमॉस मैनपावर, जीनियस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर, हाईक एजुकेशन, आइकॉन सोलर, न्यू लाइफ, पीएचडीए ग्लोबल सॉल्यूशन सहित अनेक प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध है।रोजगार मेला में अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता पाँचवीं पास से लेकर आईटीआई, स्नातक एवं उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 8 हजार से 40 हजार रुपये तक का वेतनमान प्रदान किया जाएगा। उपलब्ध पदों में वितरक बॉय, बैंक सहायक, फार्मासिस्ट, मशीन ऑपरेटर, बिक्री सलाहकार, ड्राइवर के पद शामिल हैं। इसी प्रकार ट्रेनी ऑपरेटर, सहायक, सिलाई ऑपरेटर, इंजीनियर, एक्स-रे एवं लैब टेक्नीशियन, वार्ड बॉय, टेलीकॉलर, कलेक्शन ऑफिसर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, फ़िटर, वेल्डर, सुरक्षा गार्ड, बीमा सलाहकार, सुपरवाइजर, हाउसकीपिंग स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, कृषि अधिकारी, फील्ड ऑफिसर, डॉक्टर और ग्राहक सेवा कर्मचारी शामिल हैं।इस मेले के माध्यम से रोजगार के अवसर न केवल छत्तीसगढ़ के सभी जिलों एवं प्रमुख शहरों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर, कोरबा और रायगढ़ में बल्कि अन्य राज्यों जैसे महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में भी उपलब्ध होंगे। इस आयोजन में प्रमुख शहरों में बैंगलुरु, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, नोएडा और औरंगाबाद को भी शामिल किया गया हैं।

### जनजातीय गांवों को मिलेगी आदि कर्मयोगी अभियान से नई दिशा

**मोहला, 1 सितंबर।** जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए एक नई पहल की शुरुआत करते हुए, जनपद पंचायत मोहला के सभागार में गत दिवस डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का उद्घाटन किया गया। इस लैब की शुरुआत ÷आदि कर्मयोगी अभियान÷ के तहत की गई, जो जनजातीय गांवों में शासकीय योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 10 जुलाई 2025 को शुरू किया गया था। यह अभियान बहुविभागीय समन्वय और सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है, जो रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस के सिद्धांतों पर काम करेगा। जो सेवा, समर्पण और संकल्प के मूलमंत्र को लेकर चल रहे इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्र में समग्र विकास लाना है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन में यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 28 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित की जा रही है ।

### एकलव्य विद्यालय भोरिंग, महासमुंद में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**महासमुंद ।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भोरिंग में राष्ट्रीय खेल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। प्राचार्य महेन्द्र कुमार टंडन की उपस्थिति में व्यायाम शिक्षक नीलम साहू एवं गौरव शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया, जिसमें अन्य शिक्षकों ने भी सहयोग दिया।लगभग 170 विद्यार्थियों ने कुल 12 खेलों में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में मनोरंजक खेल फुगड़ी, रस्सी कूद, बोरा दौड़, आलू दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ और जलेबी दौड़ के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक खेल बाहु-कुश्ती, शतरंज, बैडमिंटन, भाला फेंक, तवा फेंक और गोला फेंक शामिल थे।

# हिमालय अभियान पर निकली जशपुर की युवा टीम

**जशपुर,1 सितंबर।** जशपुर जिले से एक विशेष पर्वतारोही दल हिमालय अभियान के लिए रवाना हुआ है। इस दल में जिले के युवा पर्वतारोही रवि सिंह, सुश्री तेजल भगत, रूसनाथ भगत, सचिन कुजुर एवं श्री प्रतीक नायक शामिल हैं। यह अभियान केवल एक खेल गतिविधि नहीं, बल्कि जशपुर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, प्रकृति-आधारित जीवनशैली और सामूहिकता की भावना को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का एक अवसर भी है।



यह अभियान प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। पर्वतारोही दल जशपुर से रांची रवाना हुआ, जहाँ से वे ट्रेन द्वारा दिल्ली पहुँचेंगे। दिल्ली से टीम हिमाचल प्रदेश के जगतसुख के लिए प्रस्थान करेगी। दल 4 सितंबर तक आवश्यक प्रक्रियाएँ पूरी करेगा तथा 5 सितंबर को बेस कैम्प जाएगा। दल को रवाना करने के अवसर पर जशपुर के कलेक्टर श्री रोहित व्यास, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री विश्वास मस्के उपस्थित थे। अधिकारियों ने दल को शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए उनके सुरक्षित एवं सफल अभियान की कामना की।

कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि जशपुर की युवा प्रतिभाएँ इस अभियान के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। वहीं वनमंडलाधिकारी श्री शशि कुमार ने इसे जिले में खेल और साहसिक गतिविधियों की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, जो स्वयं एक अनुभवी पर्वतारोही हैं, ने दल के सदस्यों को पर्वतारोहण से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ दीं। उन्होंने सुरक्षा उपायों, ऊँचाई पर स्वास्थ्य प्रबंधन तथा टीम भावना के महत्व पर बल दिया और युवाओं को प्रेरित किया।जिले के नागरिक इस अभियान को लेकर गर्व और उत्साह का अनुभव कर रहे हैं। स्थानीय संस्था जय जंगल कंपनी इस अभियान के प्रायोजकों में से एक है। संस्था के संस्थापक श्री समर्थ जैन ने कहा कि यह दल पूरे जिले के लिए प्रेरणा है और आने वाली पीढ़ियों को पर्वतारोहण तथा साहसिक खेलों की दिशा में आगे बढ़ाएगा।इस अभियान का नेतृत्व पर्वतारोही श्री स्वप्निल राचेलवार एवं श्री राहुल ओगरा कर रहे हैं। अभियान का उद्देश्य न केवल हिमालय की ऊँचाइयों को फतह करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं नशामुक्ति के संदेश को भी जन-जन तक पहुँचाना है।

यह पहल युवाओं को प्रकृति से जोड़ते हुए उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करेगी।

### दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**रायगढ़, 1 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) बिहान के अंतर्गत किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और सफलता की कहानियों को साझा करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का शुभारंभ किया गया है। इस विशेष श्रृंखला का पहला प्रसारण आज 31 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे आकाशवाणी के सभी केंद्रों से हुआ।कार्यक्रम के पहले प्रसारण में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री श्री विजय शर्मा प्रदेशभर की बिहान दीदियों को संबोधित किये, साथ ही केंद्रीय मंत्री श्री शिव राज सिंह चौहान ने भी दीदियों को सम्बोधित किया। इस दौरान स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अपनी प्रेरणादायी सफलता की कहानियां साझा की, जो अन्य समूहों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगी।

# छेड़खानी के आरोप में सरपंच गिरफ्तार

**मुंगेली, 1 सितंबर।** आज सुबह 09 बजे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुंगेली पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। जिले के ग्राम जगताकापा की महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर आरोपी ग्राम सरपंच इन्दल गोंड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पीड़िता ने थाना सिटी कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दिनांक 30 अगस्त की शाम करीब 6 बजे वह घर पर अकेली थी। तभी ग्राम सरपंच इन्दल गोंड शराब के नशे में जबरन घर में घुस आया। आरोपी ने पीड़िता से अश्लील हरकतें कीं, शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला और जान से मारने की धमकी दी।रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 392/2025 धारा 332(ग), 74, 75(2), 76, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।पुलिस की त्वरित कार्रवाईपुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मयंक तिवारी की देखरेख में विवेचना प्रारंभ की गई।जांच के दौरान पीड़िता और गवाहों के बयान लिए गए। आरोपी इन्दल गोंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। इसके बाद विधिवत गिरफ्तार कर आज 31 अगस्त को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

#### पुलिस टीम की अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े, उप निरीक्षक शोभा यादव, सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर राजपूत यादव सहित आरक्षक मनोज टंडन, रवि श्रीवास, भागवत साहू और दुर्गेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बिना अनुज्ञप्ति व अनियमित बिक्री पर 7 उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** कृषि विभाग द्वारा जिले के निजी उर्वरक विक्रेताओं के परिसरों में किए गए आकस्मिक निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं। बिना अनुज्ञप्ति के व्यवसाय करने वाले दादाजी एग्री क्लिनिक, राजनांदगांव का परिसर सील कर दिया गया।

डोंगरगांव में सिन्हा कृषि केन्द्र की अनुज्ञप्ति निलंबित कर दी गई तथा शीतल कृषि केन्द्र को नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार आर्शीवाद एग्रो, कबीर कृषि केन्द्र (सहसपुर दल्ली) एवं सिद्धकी कुरैशी कृषि केन्द्र (छुरिया) में पंजी संधारण और मूल्य सूची प्रदर्शित न करने पर 21 दिवस के लिए अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है।

# कुत्ते की वजह से हुए हादसे के बाद विवाद पुलिस की सक्रियता से शांत



**मुंगेली, 1 सितंबर ।** लोरमी विकासखंड के ग्राम साल्हेघोरी में रविवार को उस समय विवाद की स्थिति पैदा हो गई, जब ग्राम मनकी का एक युवक अपनी मोटरसाइकिल से खाम्ही की ओर जा रहा था और रास्ते में उसकी गाड़ी एक कुत्ते से टकरा गई। इस मामूली सी दुर्घटना ने देखते ही देखते दो पक्षों के बीच विवाद का रूप ले लिया।

#### प्रशासन हुआ सक्रिय

घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर पुलिस और जिला प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर अपराध दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

#### शांति समिति की बैठक

तनाव की स्थिति को देखते हुए तहसीलदार शेखर पटेल ने दोनों गाँवों के बीच शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में ग्रामीणों से आपसी समझदारी और सहयोग बनाए रखने की अपील की गई। प्रशासन ने साफ तौर पर बोल दिया है कि किसी भी प्रकार की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### मौके पर रहे अधिकारी

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोरमी एसडीएम मयानंद चंद्रा और एसडीओपी नवनीत पाटिल स्वयं मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने दोनों पक्षों को समझाइश दी और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

#### प्रशासन का संदेश

प्रशासन ने कहा कि छोटे-छोटे विवाद आपसी संवाद और समझदारी से ही सुलझाए जा सकते हैं। किसी भी तरह की हिंसा या तनावपूर्ण स्थिति पैदा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की नई पहल

**महासमुंद , 1 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार ने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत आज तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम ÷दीदी के गोठ÷ का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित किया गया। साथ ही इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी लोग जुड़े।

जिला स्तर पर रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ कार्यक्रम अंतर्गत बिहान के दीदियों की कहानी उन्हीं के जुबानी सुनाया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, श्री भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं श्री जागेश्वर जुगनू चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत महासमुंद, बिहान की दीदियां कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रेडियो प्रसारण को सुना।कार्यक्रम के इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री तथा राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीण महिलाओं के नाम विशेष संदेश और प्रेरणादायी शुभकामनाएँ प्रसारित की गई। दीदी के गोठ का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना तथा आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना है। इस कार्यक्रम में स्व-

# कुश्ती प्रतियोगिता 2 एवं 3 सितंबर को

**रायगढ़, 1 सितम्बर ।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक आयोजन चक्रधर समारोह का 40वां संस्करण 27 अगस्त से 5 सितम्बर 2025 तक रायगढ़ में बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया जा रहा है। इस गौरवशाली आयोजन का संचालन जिला प्रशासन एवं जन सहयोग से किया जा रहा है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं सदस्य, कुश्ती प्रतियोगिता, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह अंतर्गत अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय (जिला स्तरीय शामिल) पुरूष कुश्ती खेल प्रतियोगिता मोती महल प्रांगण, रायगढ़ में 2 एवं 3 सितम्बर 2025 को पुरानी पद्धति से मिट्टी में आयोजित होगी। कुश्ती खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन 2 सितम्बर को प्रात꞉ 10.00 बजे मोती महल प्रांगण में होगा। इसके पश्चात दोपहर 12.00 बजे तक प्रतियोगिता आयोजित होगी। दोपहर भोजन पश्चात पुन꞉ सायं 3.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी तरह 3 सितम्बर को प्रात꞉ 8.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक कुश्ती खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। दोपहर भोजन पश्चात पुन꞉ अपरान्ह 3.00 बजे से खेल के समापन तक प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

कुश्ती खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले पहलवानों हेतु आवास का प्रबंध उत्सव मैरिज गॉर्डन इन्दिरा बिहार के पास रायगढ़ तथा प्रबंधक, ईडन गॉर्डन बोईरदादर रायगढ़ में किया गया है। साथ ही उनके कोच/ मैनेजर के लिए आवास का प्रबंध हॉटल श्रृंगार गोपी टॉकीज के सामने रायगढ़ में व्यवस्था की गई है।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण का विधायक सम्पत अग्रवाल ने किया शुभारंभ

**महासमुंद 1 सितम्बर ।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु ÷आदि कर्मयोगी÷ नामक नई पहल की गई है। इस अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ आज बसना विधायक श्री सम्पत अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्री सचिन भूतड़ा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती शिल्पा साय सहित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि, विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री सम्पत अग्रवाल ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान वास्तव में एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय आंदोलन है। जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास दूरदर्शी आव्हान का प्रतीक है तथा विकसित भारत के व्यापक रूपरेखा है। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण जिसमें जिले के जनजाति समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं का वास्तविक लाभ और उनकी समस्याओं को नजदीक से जानने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निश्चित ही यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजाति कार्यक्रम में अब योजनाएं उनके समग्र विकास के लिए बनेंगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत नंदनवार ने कहा कि पहले योजनाएं ऊपर से नीचे की ओर आती थी। इस कार्यक्रम में अब योजनाएं धरातल पर बनेगी और इसका क्रियान्वयन के लिए जनसमुदाय भी आगे आएंगे। उन्होंने बताया धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जनजाति गौरव वर्ष के एक भाग के रूप में आदि कर्मयोगी अभियान के लिए रणनीति बनाई गई। जिसमें जनजाति समुदायों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया। उन्होंने बताया कि महासमुंद जिले में इस अभियान की सफल क्रियान्वयन के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य योजना तैयार की जा रही है। ज्ञात है कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के पांचों विकासखण्ड से 50 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान प्रेरणादायक शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इसके पूर्व जिले की 6 अधिकारियों को राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। यह प्रशिक्षण 1 से 3 सितम्बर तक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि आदिवासी विकास विभाग द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाभियान (पीएम जनमन) और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) के लिए 9 अलग अलग मंत्रालयों के 11 प्रकार के कार्यों से संतृप्ति का कार्य किया जा रहा है। जनमन योजना अंतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार के 77 बसाहटों के 940 परिवारों (3306 जनसंख्या) को आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही सामुदायिक उत्थान हेतु प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ पेयजल, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी विकास किया जा रहा है। वहीं धरती आबा अभियान अंतर्गत जिले के 308 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेस सेवादल ने वोट चोर गद्दी छोड़ सत्याग्रह किया



**राजनांदगांव।** अभी राहुल गांधी ने भाजपा के ऊपर वोट में चोरी का आरोप लगाया है और इसके बाद पूरे देश में कांग्रेसी देश में वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन सत्याग्रह करें। राजनांदगांव में आज सेवा दल ने वोट चोर गद्दी छोड़ सत्याग्रह आंदोलन किया सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार ने कहा सेवा दल आजादी के पहले भी आंदोलन किए थे देश को आजादी मिली थी आजादी का आंदोलन बड़ा आंदोलन था। आगे कहा मोदी गलत तरीके से वोट प्राप्त कर रहे हैं वोट चोरी के कारण बार-बार उनकी सरकार आ रही है ।सरकार को वोट चोरी को रोकना चाहिए और निष्पक्ष चुनाव करना चाहिए नहीं तो सेवादल एक बड़ा आंदोलन करें। आंदोलन देश प्रदेश तक चलेगा।

### भाजपा सरकार के 20 माह के कार्यकाल में किसानों की दुर्दशा: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों के लिए पूरी तरह ट्रबल इंजन बन चुका है। सरकार को किसानों के परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। सरकार ने खरीफ सीजन शुरू होते ही पहले कृत्रिम रूप ऐ डीएपी संकट खड़ा किया और अब यूरिया संकट पैदा कर धान उत्पादन को घटाने की षड़यंत्र रचा है। उक्त आरोप पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने आज किसानों द्वारा यूरिया संकट को लेकर सांकरा के पास नेशनल हाइवे में चक्काजाम किए जाने पर कही।चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण खाद संकट की स्थिति उत्पन्न होने की बात कही जा रही है। जिसके चलते सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया आदि खाद किसानों को उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। यदि ऐसा है तो खुले बाजार में बड़ी मात्रा में यूरिया का भंडारण कहां से किया जा रहा है। जिसे औने-पौने दाम पर किसानों को 3-4 गुना अधिक दर पर बेचा जा रहा है। जो यूरिया 266 रूपए की दर पर समितियों में मिलता है, आज वह बाजार में 1000 रूपए में बेचा जा रहा है। इस पर शासन-प्रशासन जानबूझकर अंकुश नहीं लगा रही है, जिससे सरकार के संरक्षण में कमीशन के लिए कालाबाजारी से इंकार नहीं किया जा सकता।पूर्व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने किसानों द्वारा किए गए चक्काजाम को भाजपा सरकार के लिए शर्मनाक बताते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में पूरे 5 वर्ष किसानों को सोसायटियों में यूरिया, डीएपी संकट का सामना नहीं करना पड़ा। आज भाजपा के महज 20 महीने के कार्यकाल में ही किसानों को खाद के लिए रूलाया जा रहा है। किसान इस कदर विवश हो रहे हैं कि उन्हें चक्काजाम करना पड़ रहा है। महंगाई के दौर में किसानों ने किसी तरह बोनी, रोपाई तो कर ली। लेकिन, ऐन शुरूआत में ही किसानों को डीएपी के लिए परेशान किया गया। जैसे तैसे डीएपी के विकल्प के रूप में अन्य एनपीके आदि महंगे दाम पर खरीदकर किसानों ने काम चलाया। लेकिन, अब यूरिया जैसे महत्वपूर्ण उर्वरक के लिए उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार हर उपाय कर किसानों में हताशा व निराशा उत्पन्न करने की साजिश कर रही है। जिससे किसान अपनी जमीन बेचकर, खेती छोड़कर मजदूर बन जाए। यह सरकार पूरी तरह कार्पोरेट सरकार बन चुकी है।

# होटल में पुलिस ने छापा मारकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया



**भिलाई, 1 सितंबर।** भिलाई सुपेला में गदा चौक के पास स्थित होटल ईशा में देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है छापामार कार्यवाही में यहां से होटल के मालिक, मैनेजर और एक ग्राहक को दबोचकर कार्यवाही की गई है। मौके से आपत्तिजनक समान 07 पैकेट, एवं 03 नग मोबाईल फोन बरामद किया गया है। पकड़े गए तीनों के खिलाफ अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया पुलिस के मुताबिक 31 अगस्त को मुखबीर के जरिए भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी को सूचना मिली की गदा चौक के पास स्थित ईशा होटल का मैनेजर शिव कुमार कुर्रे अवैध धन अर्जित करने हेतु महिलाओं से देह व्यापार करा रहा है। सूचना पर वरिष्ठअधिकारियों के निर्देशन में एक पुलिस टीम होटल ईशा के पास पहुंची। पुलिस टीम द्वारा अपने एक कर्मचारी को प्वाईंटर नियुक्त कर 500-500 रूपये के दो नोट को स्याही से चिन्हांकित कर मैनेजर से बात होने एवं रूम के अंदर जाने पर मिस्ड कॉल देने की समझाईश देकर होटल ईशा में भेजा गया। होटल ईशा के अंदर गये पुलिस कर्मचारी द्वारा मैनेजर से बात होने व रूम के अंदर जाने के बाद मिस्ड कॉल देने पर पुलिस टीम द्वारा होटल ईशा में दबिश दी गई। होटल के मैनेजर की तलाशी लेने पर 500-500 के दो नोट स्याही से चिन्हांकित वाले मिले। इसके अतिरिक्त 05 डिब्बा जरूर कंपनी का आपत्तिजनक वस्तु, एक नग मोबाईल रियलमी कम्पनी का जिसमें लड़कियों के फोटो ग्राहकों को भेजने का दृश्य, एक मोबाईल ओप्पो कम्पनी का व एक रजिस्टर जिसमें लड़के लड़कियों का नाम एवं समय अंकित है, जिसे बरामद किया गया। होटल के मैनेजर शिव कुमार कुर्रे से पूछताछ करने पर लड़कियों को होटल में बुलाकर रूम में रखना तथा ग्राहक के आने पर उसे देह व्यापार हेतु उपलब्ध कराना बताते हुए अपराध कबूल किया। इस अनैतिक कार्य को होटल के मालिक निक्कु उर्फ अमित के कहने पर करना बताते हुए होटल ईशा के कमरा नंबर 15 को ग्राहक शोयेब नाम के लड़के को भी सामग्री देना बताया पुलिस टीम द्वारा होटल ईशा के कमरा नंबर 15 की तलाशी लेने पर ग्राहक शोयेब खान निवासी फरीद नगर अशरफी रोड सुपेला मिला, जिसकी तलाशी में उनके पास एक नग मोबाईल तथा कमरे के बेड गद्दे के नीचे जरूर कंपनी का आपत्तिजनक सामान 2 डिब्बा मिला। जिसे विधिवत जप्त किया गया।

# चक्रधर समारोह में डॉ सुरेन्द्र दुबे की याद में 3 सितबर को काव्य संध्या





**रायगढ़, 1 सितम्बर ।** चक्रधर समारोह के मंच को अपनी हास्य व्यंग्य की साहित्यिक प्रतिभा से कई बार विभूषित कर चुके, देश विदेश तक छत्तीसगढ़ का नाम पहुंचाने वाले पद्मश्री स्व.डॉ. सुरेन्द्र दुबे की स्मृतियों को समर्पित एक विशेष काव्य संध्या का आयोजन होने जा रहा है। काव्य पाठ का यह कार्यक्रम समारोह के आठवें दिन 3 सितंबर को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कवि अपनी ओजपूर्ण, व्यंग्यात्मक और हास्य रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर करेंगे। इस कार्यक्रम में गीतकार कवि श्री किशोर तिवारी, वीर रस के कवि श्री देवेन्द्र परिहार, हास्य, व्यंग्य पेरोडी संचालन श्री पद्मलोचन मुंहफट, व्यंग एवं गीत शशि सुरेन्द्र दुबे, वीर के कवि श्री नरेन्द्र गुप्ता, हास्य रस के कवि बंशीधर मिश्रा एवं श्री अभिषेक पांडे शिरकत करेंगे।

ख्याति प्राप्त गीतकार श्री किशोर तिवारी जिनकी रचनाएं श्रोताओं के दिलों को छू जाती है। वहीं वीर रस के प्रभावशाली कवि देवेन्द्र परिहार ओज और जोश से मंच को ऊर्जावान बनाएंगे।

हास्य, व्यंग्य और पेरोडी शैली में संचालन कर पद्मलोचन मुंहफट श्रोताओं को हँसी से लोटपोट करेंगे। गीत और व्यंग्य से जुड़ी कवियत्री शशि सुरेन्द्र दुबे अपनी विशिष्ट शैली से श्रोताओं को गुदगुदाने के साथ सोचने पर भी विवश करेंगी। वीर रस के सशक्त कवि नरेन्द्र गुप्ता की कविताएं देशभक्ति और पराक्रम की भावना जगाएंगी। हास्य रस के कवि बंशीधर मिश्रा की चुटीली कविताएं माहौल को खुशनुमा बनाएंगी। हास्य रस के कवि अभिषेक पांडे जिनकी हास्य रचनाएं समकालीन व्यंग्य से सराबोर होंगी।उल्लेखनीय है कि डॉ सुरेन्द्र दुबे गत वर्ष आयोजित 39 वें चक्रधर समारोह के समापन में आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल हुए थे।

अपने चिर परिचित अंदाज में पैनी और चुटीली कविताओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया था। अब वे हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनकी कला साधना सदैव स्मृतियों में अंकित और अविस्मरणीय रहेगी। चक्रधर समारोह में उनको समर्पित विशेष काव्य संध्या के माध्यम से समारोह का मंच उनके साहित्यिक सफर और योगदानों और उपलब्धियों को नमन करेगा।

शशि सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ की जानीमानी कवयित्री हैं। वे स्व.डा. सुरेन्द्र दुबे जी की धर्मपत्नी हैं। उन्होंने सब टीवी के धारावाहिक वाह वाह क्या बात है समेत अनेक मंचों पर काव्य पाठ किया है। उन्होंने पट्टी खोलो गांधारी काव्य संग्रह का लेखन किया है एवं दूरदर्शन में भी काव्य पाठ किया है।

एक नजर



## एबी डी विलियर्स ने चुने टॉप-5 बेस्ट क्रिकेटर्स, विराट कोहली को नहीं किया शामिल

**नई दिल्ली, 1 सितंबर।** एबी डी विलियर्स और विराट कोहली की दोस्ती के बारे में हर क्रिकेट प्रेमी जानता है. दोनों खिलाड़ी एक दूसरे की काफी इज्जत करते हैं और कई मौकों पर एक दूसरे की तारीफ भी कर चुके हैं. लेकिन साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डी विलियर्स से जब उनके टॉप-5 बेस्ट क्रिकेटर्स (जिनके खिलाफ या साथ वो खेले हों) के बारे में पूछा गया तो हैरानी वाली बात ये थी कि उन्होंने विराट कोहली को इसमें जगह नहीं दी. उनकी इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर शामिल हैं. हालांकि उन्होंने इसके बाद विराट से माफी भी मांगी. एबी डी विलियर्स ने टॉप-5 में सचिन तेंदुलकर के रूप में एक भारतीय खिलाड़ी को शामिल किया. उनके आलावा इसमें डी विलियर्स ने एक पाकिस्तानी और 3 ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के प्लेयर्स चुने. डी विलियर्स ने साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर जैक कैलिस, इंग्लैंड के एंड्रयू फ्लिंटॉफ, ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न को चुना. उन्होंने पाकिस्तान के गेंदबाज मोहम्मद आसिफ को भी इसमें चुना. हालांकि विराट कोहली को लिस्ट में शामिल नहीं करने पर डी विलियर्स ने माफी भी मांगी.

# भगदड़ के मृतकों की याद में मेमोरियल बनाएगी आरसीबी

## क्राउड मैनेजमेंट प्रोटोकॉल भी बनेगा, 6 पॉइंट्स का मैनिफेस्टो जारी



**बेंगलुरु, 01 सितंबर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) विक्ट्री सेरेमनी के दौरान मची भगदड़ में जान गंवाने वाले फैंस की याद में मेमोरियल बनाएगी।

जहां आरसीबी के सबसे जुनूनी फैंस के नाम, उनकी कहानियां और उनसे जुड़ी चीजों को संजोकर रखा जाएगा।

फ्रेंचाइजी ने यह ऐलान सोमवार को अपने 6 पॉइंट्स के मैनिफेस्टो में किया। RCB Cares नाम की इस पहल में कहा गया- 'फ्रेंचाइजी अब केवल आर्थिक मदद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि प्रभावित परिवारों और फैंस की याद को जीवित रखने के लिए ठोस कदम उठाएगी।' 2 दिन पहले आरसीबी ने हादसे में जान गंवाने वाले के हर परिवार को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया था।

पहली बार IPL जीतने के बाद आरसीबी ने 4 जून को बेंगलुरु में विक्ट्री परेड निकाली थी। इस परेड में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच जाने की वजह से 11 लोग मारे गए थे और 50 से ज्यादा घायल हो गए थे। जान गंवाने वाले सभी लोग 35 साल से कम उम्र के थे। सबसे छोटी पीड़िता 13 साल की दिव्यांशी थी। मरने वालों में तीन टीनएजर और छह युवा थे, जिनकी उम्र 20 से 30 साल के बीच थी।

**2 दिन पहले वादा किया था**

आरसीबी की फ्रेंचाइजी ने 2 दिन पहले शनिवार 30 अगस्त को मृतकों के परिवार वालों के लिए 25-25 लाख रुपए की सहायता राशि का ऐलान करते हुए RCB Cares नाम की पहल की शुरुआत की थी और फैंस के लिए आर्थिक सहायता से ज्यादा करने का वादा किया था।

**मैनिफेस्टो में आरसीबी के 6 वादे**

भगदड़ से प्रभावित परिवारों और फैंस को आर्थिक मदद से ज्यादा सहयोग करेंगे। उन्हें तेज, पारदर्शी और मानवीय सहायता देंगे।

स्टेडियम अथॉरिटी और स्पोर्टिंग बॉडीज के साथ मिलकर बेहतर क्राउड मैनेजमेंट प्रोटोकॉल्स तैयार करेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सोशल डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाएंगे। जिसकी शुरुआत सिद्दी समुदाय से होगी।

रिसर्च और ट्रेनिंग के जरिए हर साल फैन सेफ्टी ऑडिट फ्रेम वर्क तैयार होगा। अपने ऑन ग्राउंड पार्टनर्स को क्राउड मैनेजमेंट और इमरजेंसी रिस्पॉन्स की ट्रेनिंग देंगे।

बेंगलुरु में एक जगह बनाकर हादसे में खोए फैंस के नाम, उनकी कहानियां और उनसे जुड़ी चीजों को संजोएंगे। यह एक स्थायी श्रद्धांजलि होगी।

स्टेडियम में रोजगार, स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा और नई पीढ़ी को खेल में अवसर प्रदान करेंगे।

## थ्रोबाल प्रतियोगिता : रांची में चमका छत्तीसगढ़

### महिला टीम बनी चैंपियन, पुरुष टीम उपविजेता



**भिलाई 1 सितम्बर।** भारतीय थ्रोबाल संघ के तत्वावधान में झारखंड थ्रोबाल संघ द्वारा आयोजित 48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 अगस्त तक रांची के हरिवंश ताना भगत इनडोर स्टेडियमए खेलगांव में सम्पन्न हुआ। इस स्पर्धा में 23 राज्यों की पुरुष और 19 राज्यों की महिला टीमें शामिल हुई। छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने फाइनल में मेजबान झारखंड को 25.13-25.17 से हराकर राष्ट्रीय खिताब जीता, जबकि पुरुष टीम उपविजेता रही। महिला टीम ने लीग में असम और अरुणाचलए क्वार्टर फाइनल में बिहार तथा सेमीफाइनल में मुंबई को मात देकर फाइनल तक का सफर तय किया। पुरुष टीम ने चंडीगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक को हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया। छत्तीसगढ़ की सना महिला फाइनल प्लेयर ऑफ द मैच रहीं वहीं पुरुष फाइनल प्लेयर ऑफ द मैच छत्तीसगढ़ के अशोक को दिया गया। प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट ;महिला वर्गद्ध में छत्तीसगढ़ की आकांक्षा रहीं। छत्तीसगढ़ की पुरुष एवं महिला टीम पिछले 15 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का परचम लहरा रही है। प्रतियोगिता से लौटने के बाद खिलाड़ियों ने दुर्ग सांसद विजय बघेल से मुलाक़ात कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है।

# जोकोविच यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

## चौथे राउंड में जान-लेनार्ड स्ट्रूफ को हराया

**न्यूयॉर्क, 01 सितंबर।** नोवाक जोकोविच ने रविवार रात यूएस ओपन के चौथे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने 144वीं रैंकिंग वाले जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रूफको 6-3, 6-3, 6-2 से हराया। पेरिस में चल रहे साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम में जोकोविच का अगला मुकाबला 2024 यूएस ओपन के रनर-अप और चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से होगा। फ्रिट्ज ने रविवार को चेक गुप्त के 21वीं वरीयता प्राप्त टॉमस मचाक को 6-4, 6-3, 6-3 से हराकर टॉप-8 में जगह बनाई। फ्रिट्ज



टूर्नामेंट के मौजूदा सीजन में अमेरिका के आखिरी प्लेयर हैं, बाकी शुरुआती राउंड से बाहर हो चुके हैं। जोकोविच ने न्यूयॉर्क में चार बार यूएस ओपन का खिताब जीता है, जिसमें उनका सबसे हालिया खिताब 2023 में आया था। मैच की शुरुआत में जोकोविच ने शानदार खेल दिखाया और 4-0 की बढ़त बना ली। लेकिन पांचवें गेम में एक शानदार वॉली विनर मारने के बाद 38 साल के जोकोविच ने अचानक अपनी गर्दन पकड़ ली और सिर हिलाने लगे। ऐसा लग रहा था कि उन्हें गर्दन और दाएं कंधे में दर्द हो रहा है। इसके चलते वे अगले दो गेम हार गए। हालांकि, सेट के अंत में उन्होंने वापसी की और 6-3 से पहला सेट अपने नाम किया। सेट के बाद ब्रेक में ट्रेनर ने उनकी गर्दन और कंधे की मसाज की। दूसरे सेट में भी जोकोविच ने शानदार खेल जारी रखा और इसे भी 6-3 से जीता। इस सेट के बाद ट्रेनर ने उनके दाएं हाथ की मसाज की। इस टूर्नामेंट में जोकोविच को पहले भी शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ा है। पहले राउंड में उनके पैर में छाले की समस्या थी।

# सरफराज-जुरेल चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी से बाहर

## कुलदीप यादव और तिलक वर्मा भी सेफा नहीं खेलेंगे

**बेंगलुरु, 01 सितंबर।** दलीप ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल राउंड से पहले जोनल टीमों ने बदलाव जारी किए हैं। सरफराज खान और ध्रुव जुरेल चोट के कारण टॉप-4 मैच नहीं खेल रहे हैं। वहीं, कुलदीप यादव और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी एशिया कप के कारण डोमेस्टिक टूर्नामेंट का अगला राउंड नहीं खेल पा रहे हैं।

4 सितंबर से शुरू हो रहे सेमीफाइनल मुकाबलों के लिए सरफराज खान की जगह वेस्ट जोन में बड़ौदा के बल्लेबाज शिवालिक शर्मा को शामिल किया जा सकता है। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल सेंट्रल जोन के कप्तान थे। जुरेल की जगह उत्तर प्रदेश के विकेटकीपर उपेंद्र यादव को सेंट्रल जोन में शामिल



किया गया है। दलीप ट्रॉफी का सेमीफाइनल 4 सितंबर से वेस्ट जोन और सेंट्रल जोन और दूसरा सेमीफाइनल साउथ जोन और नॉर्थ जोन के बीच खेला जाएगा।

**बुची बाबू टूर्नामेंट में चोटिल हो गए थे सरफराज**

हाल ही में चेन्नई में आयोजित बुची बाबू टूर्नामेंट में सरफराज ने हरियाणा और टीएनसीए एकादश के खिलाफ लगातार दो शतक (111 और 138 रन) बनाए थे। लेकिन हरियाणा के खिलाफ शतक बनाने के दौरान उन्हें जांघ की मांसपेशियों में चोट लग गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सरफराज को क्वाड्रिसेप्स में चोट लगी है, जो उन्हें बुची बाबू टूर्नामेंट में हरियाणा के खिलाफ शतक बनाते समय लगी थी। वह लगभग तीन सप्ताह तक मैदान से बाहर रहेंगे और अभी BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CEO) में रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं। सरफराज की जगह वेस्ट जोन की टीम में बड़ौदा के बल्लेबाज शिवालिक शर्मा को शामिल किया जा सकता है, जो रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल थे। शिवालिक ने 18 प्रथम श्रेणी मैचों में 43.48 की औसत से 1,087 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। पिछले सीजन में उन्होंने सात मैचों में 44.00 की औसत से 484 रन बनाए थे।



# अर्थव्यवस्था ने पहली तिमाही में दिखाई अपनी ताकत लेकिन जोखिम अभी भी

**नई दिल्ली, 1 सितंबर।** आर्थिक अनिश्चितता के इस दौर में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमानों ने अर्थव्यवस्था के जानकारों और पूर्वानुमान लगाने वालों को चौंकाया है। गत सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि जून तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी जो पांच तिमाहियों में उच्चतम है। सकल मूल्य वर्धन को अर्थव्यवस्था का बेहतर संकेतक माना जाता है और उसमें 7.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस तिमाही के लिए 6.5 फीसदी वृद्धि का अनुमान जताया था। बहरहाल, इस स्तर की वृद्धि को बरकरार रखना या रिजर्व बैंक के पूरे वर्ष के 6.5 फीसदी के लक्ष्य को हासिल करना विपरीत कारोबारी माहौल में चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था के लगभग सभी हिस्सों ने वृद्धि को बल दिया। कृषि क्षेत्र पिछले वर्ष की समान अवधि के 1.5 फीसदी की तुलना में 3.7 फीसदी की दर से बढ़ा।




विनिर्माण क्षेत्र ने 7.7 फीसदी की दर से वृद्धि दर्ज की जबकि गत वर्ष की समान अवधि में यह 7.6 फीसदी की दर से बढ़ा था। सेवा क्षेत्र भी पिछले साल की तुलना में तेज गति से बढ़ा जबकि खनन और उत्खनन में कमी आई। निर्माण क्षेत्र में मंदी आई।

उच्च वृद्धि को एक हद तक सरकारी व्यय से मदद मिली जो इस तिमाही में 7.4 फीसदी बढ़ा। गत वर्ष की पहली तिमाही में आम चुनाव के कारण सरकारी व्यय सीमित था। यह सरकारी खातों में भी नजर आया। केंद्र सरकार ने पहली तिमाही में वार्षिक पूंजीगत व्यय बजट का लगभग एक-चौथाई हिस्सा खर्च किया, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह केवल लगभग 16 फीसदी था।

पहली तिमाही के आंकड़े उत्साह बढ़ाने वाले हैं जबकि यहां से हालात कठिन हो सकते हैं। वृद्धि के समक्ष सबसे बड़ा जोखिम अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों का है। अनुमान बताते हैं कि करीब 66 फीसदी भारतीय निर्यात को 50 फीसदी या उससे अधिक शुल्क का सामना करना होगा। वृद्धि पर इसका वास्तविक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि यह शुल्क कितने लंबे समय तक लागू रहता है। अगर इस स्तर का शुल्क कुछ तिमाहियों तक भी लागू रहा तो यह रोजगार और घरेलू मांग को प्रभावित करना शुरू कर देगा। सरकार जहां इसके असर को कम करने को लेकर काम कर रही है, वहीं मांग को पहुंचे संभावित नुकसान की भरपाई मुश्किल होगी। ऐसे में आने वाली तिमाहियों में वृद्धि मोटे तौर पर भारत-अमेरिका रिश्तों में सुधार पर निर्भर होगी। इसके अलावा, वर्तमान तिमाही की वृद्धि पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि कई परिवार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में संभावित कटौती की उम्मीद के चलते अपने खरीदारी के फैसले टाल सकते हैं। उदाहरण के लिए, कारों सहित कई वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कमी की संभावना है। हालांकि, इसका असर केवल एक तिमाही तक सीमित रह सकता है, क्योंकि जैसे ही जीएसटी दरें समायोजित होंगी, मांग फिर से बढ़ जाएगी।

मांग से जुड़ी चिंताओं के अलावा एक और बड़ी समस्या है नॉमिनल वृद्धि की कमी। वर्तमान कीमतों पर, पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि केवल 8.8 फीसदी रही। चूंकि आने वाली तिमाहियों में महंगाई दर कम रहने की संभावना है, ऐसे में नॉमिनल वृद्धि इसी स्तर पर या इससे भी कम रह सकती है।

ऐसे में राजकोषीय लक्ष्यों को हासिल करना कठिन हो सकता है। रिपोर्टों के अनुसार, आगामी जीएसटी समीक्षा से राजस्व पर भी असर पड़ सकता है, कम से कम अल्पकालिक रूप में। ऐसे में सरकार को कई उभरती चुनौतियों का समाधान करना होगा। यह एक चुनौतीपूर्ण वित्तीय वर्ष साबित हो सकता है, जिसमें सरकार को बेहद सतर्कता से कदम उठाने होंगे।

# भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में ऐतिहासिक उछाल के बाद पीएमआई 59.3 तक पहुंचा

**नई दिल्ली, 1 सितंबर।** भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में अगस्त में तेजी जारी रही, जिससे एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अगस्त में बढ़कर 59.3 हो गया है, जो कि जुलाई में 59.1 पर था। एसएंडपी ग्लोबल की ओर से सोमवार को यह जानकारी दी गई। अगस्त में दर्ज की मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 17.5 वर्षों में सबसे अधिक रही है, जो देश में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में तेज सुधार को दिखाता है। प्राथमिक संकेतक में यह वृद्धि मुख्यतः उत्पादन की बढ़ी हुई मात्रा के कारण हुई है।

एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, उत्पादन में तीव्र विस्तार के कारण भारत की मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अगस्त में एक और नई ऊंचाई पर पहुंच गया। रिपोर्ट में बताया गया कि जुलाई की तरह की अगस्त में नए



ऑर्डर्स का आना जारी रहा, जो कि 57 महीनों का उच्चतम स्तर था। अगस्त में बिक्री और आउटपुट में सबसे अधिक मजबूत प्रदर्शन इंटरमीडिएट गुड्स श्रेणी का रहा। इसके बाद कैपिटल और कंज्यूमर गुड्स का प्रदर्शन अच्छा रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, इनपुट स्टॉक में वृद्धि हुई, जबकि तैयार उत्पादों का भंडार भी नौ महीनों में पहली बार बढ़ा। अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों में धीमी वृद्धि देखी गई, जो पिछले पांच महीनों में सबसे कम रही। कंपनियों को एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका से ऑर्डर्स मिले हैं। अगस्त में कंपनियों ने अतिरिक्त सामग्रियों की खरीद में तेजी लाई और रोजगार के नए अवसर पैदा किए, जो आंशिक रूप से व्यावसायिक परिदृश्य के प्रति आशावाद से प्रेरित था। विकास दर 16 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो दीर्घकालिक औसत से काफी ऊपर है। भारतीय निर्माताओं ने भी अपने कार्यबल का विस्तार जारी रखा, और अगस्त में लगातार अठारहवें महीने रोजगार में वृद्धि हुई है। हालांकि रोजगार सृजन नवंबर 2024 के बाद से अपनी सबसे कम गति पर आ गया, फिर भी यह ऐतिहासिक रूप से मजबूत बना रहा।

## OpenAI की भारत में 1 GW क्षमता वाले डाटा सेंटर की योजना, तलाश रही लोकल पार्टनर

**नई दिल्ली, 1 सितंबर।** OpenAI बनाने वाली कंपनी OpenAI भारत में कम-से-कम 1 GW क्षमता वाला डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए लोकल पार्टनर तलाश कर रही है। यह जानकारी रॉयटर्स ने ब्लूमबर्ग न्यूज के हवाले से दी है। माइक्रोसॉफ्ट समर्थित OpenAI ने भारत में औपचारिक रूप से एक लीगल फर्म के रूप में रजिस्ट्रेशन करा लिया है और स्थानीय टीम का बनानी शुरू कर दी है। कंपनी ने अगस्त में कहा था कि वह इस साल के अंत तक नई दिल्ली में अपना पहला कार्यालय खोलेगी, ताकि अपने दूसरे सबसे बड़े यूजर मार्केट में मौजूदगी बढ़ा सके। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, नया डाटा सेंटर एशिया में OpenAI की स्टारगेट ब्रांडेड AI इन्फ्रास्ट्रक्चर




के लिए एक अहम कदम साबित हो सकता है। हालांकि, भारत प्रोजेक्ट का सटीक स्थान और समय-सीमा अभी स्पष्ट नहीं है। सीईओ सैम ऑल्टमैन सितंबर में भारत दौरे के दौरान इस पर विस्तृत जानकारी दे सकते हैं।

स्टारगेट (प्राइवेट सेक्टर की AI इन्फ्रा मुहिम), की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जनवरी में की थी। इस परियोजना को SoftBank, OpenAI, और Oracle का समर्थन मिला है, जिसमें 500 अरब डॉलर तक का निवेश प्रस्तावित है।

# चीन का 6-जी धमाका : इंटरनेट होगा 5000 गुना तेज

## 1 सेकेंड में डाउनलोड होगी 50 जीबी की 8 के मूवी

**बीजिंग, 01 सितंबर ।** टेक्नोलॉजी की दुनिया में चीन ने एक और बड़ी छलांग लगाते हुए दुनिया का पहला 6त्न चिप विकसित करने का दावा किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह चिप मौजूदा इंटरनेट स्पीड की तुलना में 5 हजार गुना तेज स्पीड देने में सक्षम है। इस क्रांतिकारी आविष्कार से दूर-दराज और ग्रामीण इलाकों में भी हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाना संभव हो सकेगा, जिससे दुनिया भर में डिजिटल डिवाइड को कम करने में मदद मिलेगी।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, इस चिपसेट को बीजिंग




की पेकिंग यूनिवर्सिटी और हांगकांग की सिटी यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने मिलकर तैयार किया है। इसे 'ऑल फ्रीक्वेंसी 6जी सॉल्यूशन' कहा जा रहा है। इस चिप की मदद से एक सेकेंड में 100 प्र. डेटा ट्रांसफर किया जा सकता है। इसे आसान भाषा में समझें तो 50GB की एक 8K क्वालिटी वाली मूवी को डाउनलोड होने में सिर्फ एक सेकेंड का समय लगेगा। यह चिप के बेहद छोटे आकार में पूरे वायरलेस स्पेक्ट्रम पर काम करने की क्षमता रखती है।

जहां 6जी टेक्नोलॉजी के फायदे गिनाए जा रहे हैं, वहीं कई विशेषज्ञों ने इसे लेकर गंभीर चिंताएं भी व्यक्त की हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि 6जी में हाई-फ्रीक्वेंसी बैंड्स का इस्तेमाल होने से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन का खतरा बढ़ सकता है, जो इंसानी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसके अलावा, जैसे-जैसे अरबों डिवाइस एक साथ हाई-स्पीड इंटरनेट से जुड़ेंगे, साइबर हमलों और डेटा प्राइवेसी के उल्लंघन का खतरा भी कई गुना बढ़ जाएगा।

# टाटा ला रहा है देश का सबसे बड़ा आईपीओ

**मुंबई, 01 सितंबर ।** भारतीय शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए एक सुनहरा मौका आने वाला है। टाटा ग्रुप की दिग्गज फाइनेंस कंपनी, टाटा कैपिटल, अपना बहुप्रतीक्षित टाटा लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। खबरों के मुताबिक, यह IPO 22 सितंबर को खुलेगा और 30 सितंबर तक शेयर बाजार में लिस्ट हो सकता है। अगर ऐसा होता है, तो यह देश के फाइनेंशियल सेक्टर का अब तक का सबसे बड़ा IPO साबित हो सकता है।

टाटा कैपिटल इस IPO के जरिए बाजार से करीब ?17,200 करोड़ (लगभग 2 बिलियन डॉलर) जुटाने की योजना बना रहा है। कंपनी का कुल वैल्यूएशन करीब 94,600 करोड़ (.11 बिलियन) आंका गया है। इस इश्यू के तहत कुल 47.58 करोड़ शेयर जारी किए जाएंगे, जिनमें से 21 करोड़ नए इक्विटी शेयर होंगे, जबकि 26.58 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल (OFS) के तहत बेचे जाएंगे। ह्र स्नस् के जरिए प्रमोटर टाटा संस 23 करोड़ और निवेशक IFC 3.58 करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। दरअसल, टाटा कैपिटल के लिए यह लिस्टिंग RBI के एक नियम के कारण अनिवार्य हो गई है। RBI ने 2022 में टाटा कैपिटल को 'अप्पर लेयर NBFC' (बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) की श्रेणी में रखा था। इस नियम के तहत, ऐसी कंपनियों को तीन साल के भीतर शेयर बाजार में लिस्ट होना जरूरी होता है।

राजधानी में गणेशोत्सव


हनुमान मंदिर युवा गणेशोत्सव समिति माहितोष चौक


कैंडी मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति सोनकर पारा सती मंदिर के पास


एकता मित्र मंडल गणेसोत्सव समिति शांति चौक सोनकर पारा


श्री शांति बाल समाज गणेशोत्सव समिति

## एक नजर

### सलका जलाशय योजना के कार्यों के लिए 2.50 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर, 1 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले में खड़गंवा की सलका जलाशय योजना के कार्यों के लिए दो करोड़ 50 लाख 18 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के कार्यों के पूर्ण होने पर योजना की रूपांकित सिंचाई क्षमता 297 हेक्टेयर में 145 हेक्टेयर की कमी की पूर्ति होगी तथा 10 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई हो सकेगी। योजना से क्षेत्र के किसानों को कुल 307 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी।

### रायपुर प्रेस क्लब में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 3 सितम्बर से

**रायपुर, 1 सितंबर।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में रायपुर प्रेस क्लब द्वारा वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता स्वर्गीय विनय शर्मा की स्मृति में तीन दिवसीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 3 से 5 सितंबर तक प्रेस क्लब परिसर में होगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन 3 सितंबर को अपराह्न 3 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं प्रेस क्लब के पूर्व महासचिव श्री गोकुल सोनी करेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में दैनिक भास्कर के स्थानीय संपादक श्री हर्ष पांडेय उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष फोटोग्राफी प्रतियोगिता चार कैटेगरी में आयोजित की जा रही है। इसमें 25 सालों का छत्तीसगढ़, हेरिटेज, नेचर और ड्रोन फोटोग्राफी (विशेष कैटेगरी) शामिल है। प्रतियोगिता में मीडिया जगत से जुड़े कुल 31 फोटोग्राफर भाग ले रहे हैं। ड्रोन से खींची गई तस्वीरें पहली बार प्रतियोगिता में शामिल की गई हैं।

# प्रदेश के कई जिलों में जमकर बरसेंगे बादल, 6 जिलों में यलो अलर्ट जारी

## तेज हवाओं के साथ मध्यम वर्षा होने की संभावना




**रायपुर, 1 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में आज फिर जमकर बारिश होगी. मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 घंटों के अंदर प्रदेश के कुल 24 जिलों में मध्यम से तेज बारिश होने के आसार हैं. आईएमडी ने 18 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट और 6 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है.

**इन जिलों में जारी हुआ अलर्ट:** मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सूरजपुर और कोरिया में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है.

वहीं, यलो अलर्ट वाले जिलों में नारायणपुर, कोंडागांव, रायगढ़, जशपुर, सुरगुजा और बलरामपुर शामिल हैं. इन इलाकों में भी मध्यम दर्जे की बारिश की आशंका है. प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और नदी-झरने जैसी जगहों पर सावधानी बरतने की अपील की है।

### प्रदेश में अब तक कुल 881.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 881.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1273.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 430.9 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 753.4 मि.मी., बलौदाबाजार में 618.8 मि.मी., गरियाबंद में 739.1 मि.मी., महासमुंद में 647.5 मि.मी. और धमतरी में 784.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 839.3 मि.मी., मुंगेली में 824.7 मि.मी., रायगढ़ में 1050.2 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 713.8 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1034.9 मि.मी., सक्ती में 913.2 मि.मी., कोरबा में 848.4 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 847.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 713.5 मि.मी., कबीरधाम में 623.8 मि.मी., राजनांदगांव में 787.7 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1129.2 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 657.2 मि.मी. और बालोद में 952.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 629.6 मि.मी., सूरजपुर में 960.2 मि.मी., जशपुर में 868.0 मि.मी., कोरिया में 982.6 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 881.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 1259.6 मि.मी., कोंडागांव में 829.1 मि.मी., कांकेर में 1035.3 मि.मी., नारायणपुर में 1123.0 मि.मी., दंतेवाड़ा में 1197.4 मि.मी., सुकमा में 955.7 मि.मी. और बीजापुर में 1180.9 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

## लूटपाट करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रायपुर, 1 सितम्बर।** बसना थाना क्षेत्र में 30 अगस्त 2025 को हुई लूटपाट की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों और एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। आरोपियों से लूट की नकदी 1200 रुपये, एक मोबाइल फोन (कीमत 5000 रुपये) और घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल (कीमत 80,000 रुपये) सहित कुल 86,200 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

प्रार्थी बनवारी लाल नंद ने बसना थाने में शिकायत दर्ज की कि वह अपने भाई डिग्रीलाल नंद के घर बसना आया था। 30 अगस्त 2025 को शाम करीब 6:30 बजे वह हाई स्कूल बसना की ओर से टहलकर अपने भाई के घर लौट रहा था। नायकपारा बसना में लक्ष्मी किराना स्टोर्स के पास चार युवक राजा सोनवानी, हरीश ओगरे, सूरज यादव और राहुल खुटे ने उसे गाली-गलौज शुरू की। इसके बाद उन्होंने बनवारी लाल के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। राजा सोनवानी ने प्रार्थी का कॉलर पकड़ लिया और चारों ने धमकी दी कि जो कुछ पास में है, निकाल दे, वरना मार डालेंगे। सूरज यादव ने प्रार्थी की शर्ट की जेब से मोबाइल फोन और राजा सोनवानी ने पैंट की जेब से 3000 रुपये लूट लिए। प्रार्थी के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

प्रार्थी की शिकायत पर बसना थाने में धारा 296, 115(2), 309(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों की तलाश शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया।

## आरंग में खनिज विभाग ने रेत का अवैध परिवहन करते 13 वाहन किए जब्त



**रायपुर, 1 सितम्बर।** रेत के अवैध परिवहन की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद रायपुर खनिज विभाग ने सोमवार रात आरंग क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से रेत ढो रहे 13 वाहनों को जब्त कर उनके खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

यह अभियान कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर, खनिज उप संचालक प्राची अवस्थी के मार्गदर्शन में चलाया गया। सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने महानदी किनारे की रेत खदानों और आरंग के मुख्य मार्गों पर रात भर छापेमारी की।

जांच के दौरान जब्त किए गए सभी वाहनों में रेत परिवहन से संबंधित वैध कागजात नहीं मिले, जिसके चलते खनिज विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन कब्जे में ले लिए। इस अभियान को सफल बनाने में जितेंद्र केशरवानी, जितेंद्र वर्मा और लुकेश वर्मा की अहम भूमिका रही। गौरतलब है कि क्षेत्र में रेत के अवैध खनन और परिवहन को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं, जिसे देखते हुए प्रशासन ने सख्ती से कार्रवाई की है।

# एनपीएस से यूपीएस में अब आसानी से किया जा सकेगा स्विच

**30 सितंबर तक दाखिल कर सकते हैं नामांकन**

**रायपुर, 1 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने एक अहम आदेश जारी किया है, जिसके अनुसार राज्य के सभी अखिल भारतीय सेवा (IAS/IPS/IFS) अधिकारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के अंतर्गत एक विकल्प के रुप में एकीकृत पेंशन योजना (UPS) चुनने की सुविधा दी गई है। यह आदेश केंद्र सरकार के हालिया निर्णय और वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुरूप है। बता दें कि इससे पहले NPS के अंतर्गत UPS का विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 थी, जिसे अब बढ़ाकर 30 सितंबर 2025 कर दिया गया है।

**नामांकन प्रक्रिया:** UPS का विकल्प चुनने वाले राज्य के सभी अखिल भारतीय सेवा अधिकारी अपने चयन को सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर में निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव अन्वेष धृतलहरे से इस नंबर पर 9958838344 संपर्क किया जा सकता है।

### वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश

गौरतलब है कि वित्त विभाग ने इस कदम को कर्मचारियों की पेंशन सुरक्षा और विकल्प की सुविधा बढ़ाने के लिए उठाया है। 20 जुलाई तक लगभग 31,555 केंद्रीय कर्मचारी UPS का विकल्प चुन चुके हैं। अब शेष अधिकारी अपने विकल्प जमा कर 30 सितंबर 2025 तक इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

## यूको बैंक में गैस कटर से खिड़की काटकर चोरी का प्रयास



**रायपुर, 1 सितम्बर।** राजधानी रायपुर में चोरों के हौसले बुलंद है. जोरा स्थित यूको बैंक में रविवार की रात चोरी करने का प्रयास हुआ है. चोरों ने बैंक के पीछे की खिड़की तोड़ा और अंदर घुस गए. लेकिन लॉकर तोड़ पाने में उन्हें सफलता नहीं मिली. इसके बाद सामान अस्त-व्यस्त कर भाग निकलने की आशंका है. पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है.

जानकारी के मुताबिक, चोरों ने रविवार देर रात योजना बनाकर जोरा स्थित यूको बैंक पहुंचे और पीछे का कांच तोड़कर अंदर घुस गए. इसके बाद चोरों ने अपने साथ लाए गैस कटर से लॉकर को तोड़ने का काफी देर तक प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली. सोमवार सुबह जब बैंक का शटर खोला गया तो कर्मचारियों के होश उड़ गए. अंदर का सामान बिखरा पड़ा था, पीछे की खिड़की टूटी हुई थी. घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.

# राजधानी में 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' अभियान पहले ही दिन ढीला पड़ा

**रायपुर, 1 सितम्बर।** रायपुर जिले में 1 सितंबर से नो हेलमेट, नो पेट्रोल अभियान शुरू करने की घोषणा की गई थी, लेकिन इसकी शुरुआत ही कमजोर रही। ज़मीनी हकीकत यह है कि अब भी कई पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को आसानी से पेट्रोल दिया जा रहा है। दरअसल, यह पहल पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा




खुद ही सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए शुरू की गई थी। योजना के मुताबिक, 1 सितंबर से जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया था, बिना हेलमेट के किसी भी बाइक सवार को पेट्रोल नहीं दिया जाना था। इस निर्णय की जानकारी पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने जिले के कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और उप मुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपकर पहले ही दे दी थी। प्रशासन की ओर से भी इस अभियान को समर्थन मिला था, लेकिन पहले ही दिन इसके पालन में लापरवाही देखी गई।

### दिगंबर जैन जिनालयों में उत्तम शौच धर्म की आराधना की गई, मंदिरों में हुआ अभिषेक

**रायपुर, 1 सितंबर।** दिगंबर जैन समाज ने पर्युषण पर्व के दसलक्षण पर्व के चौथे दिन रविवार को उत्तम शौच धर्म मनाया। राजधानी रायपुर के श्री श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर की सभी वेदियों में विशेष आयोजन हुए। सुबह से ही मंदिरों में श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा और शौच धर्म की पूजा की गई। पुष्पदंत नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर भगवान को लड्डू अर्पित किए। पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने शौच धर्म का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि शौच धर्म का अर्थ है लोभ न करना। मन में शुद्धि और पवित्रता को धारण कर लोभ का त्याग करना ही शौच धर्म है। उन्होंने बताया कि जिस तरह शरीर को बाहर से साफकिया जाता है, उसी तरह मन को भी साफकरना शौच धर्म का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मनुष्य भौतिक सुख पाने के लिए लोभ के वश में होकर गलत कार्य कर लेता है।

**रायपुर में 12 से तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य दंत सम्मेलन**

# सेलिब्रिटी डेंटिस्ट डॉ. संदीश समेत कई विशेषज्ञ होंगे शामिल

**रायपुर, 1 सितम्बर।** राजधानी में तीन दिवसीय बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ राज्य दंत सम्मेलन (CGSDC 2025) होने जा रहा है. यह सम्मेलन 12, 13 और 14 सितंबर को आयोजित होगा. राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देशभर से सैकड़ों दंत चिकित्सक शिरकत करेंगे. यह आयोजन दंत चिकित्सा क्षेत्र में ऐतिहासिक साबित होगा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जासवाल की मौजूदगी में सम्मेलन का उद्घाटन होगा.



इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता एवं सेलिब्रिटी डेंटिस्ट डॉ. संदीश मायेकर, डॉ. चंद्रशेखर यवगल, सहित कई विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों को स्माइल डिज़ाइनिंग, लेजर डेंटिस्ट्री और आधुनिक तकनीकों पर व्याख्यान देंगे. इनके विचार और अनुभव से दंत चिकित्सकों को नई दिशा मिलेगी.

नवनिर्मित बालाजी डेंटल कॉलेज में 12 सितंबर को विशेष हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा.

इस आयोजन की बागडोर डॉ. वैभव तिवारी, डॉ. विवेक लाठ और उनकी टीम के हाथों में होगी, जो इसे सफल बनाने में निरंतर प्रयासरत हैं. वैज्ञानिक सत्रों, कौशल विकास कार्यशालाओं एवं नेटवर्किंग अवसरों से परिपूर्ण CGSDC 2025 न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे भारत के दंत चिकित्सा क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा.

### चेंबर की महिला विंग का 'स्टार्ट स्मार्ट, ग्रो फास्ट' विषय पर पहली जनरल बॉडी मीटिंग हुई

**रायपुर, 1 सितंबर।** राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस के उपलक्ष्य पर छोटे, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों की भूमिका को पहचानना और उनके महत्व को रेखांकित करने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला विंग ने चेंबर भवन में अपनी पहली जनरल बॉडी मीटिंग 'स्टार्ट स्मार्ट, ग्रो फास्ट' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को उनके व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। महिला चेंबर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मंजूषा परियल जी रहीं जिन्हें किसी पहचान की जरूरत नहीं वे स्वयं में एक पहचान हैं, वे मैनेजिंग डायरेक्टर ए एन एम स्ट्रैटेजिक एंड मनेजमेंट कंसल्टेंट एंड सी आई आई काउंसलिंग मेंटोर एंड बिजनेस कोच हैं जिन्होंने कई महिलाओं को उड़ान भरने के लिए पंख दिए सपने देखने का जज़्बा जगाया और उनको साकार करने की हिम्मत भी दी आज कई महिलाएं आपसे प्रेरित होकर एक सफल बिजनेस विमेन के रूप में खुद को स्थापित कर चुकी है।

# फेस्टिव सीजन में पुरी-उधना-पुरी के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

## 10 फेरों में चलाई चलाई जाएगी ट्रेन, 22 सितंबर से मिलेगी सर्विस

**रायपुर, 1 सितम्बर।** त्योहारों के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पुरी-उधना-पुरी के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन कुल 10 फेरों के लिए चलाई जाएगी।

### ट्रेन का शेड्यूल

08471 पुरी-उधना पूजा स्पेशल पुरी से हर सोमवार (22 सितंबर से 24 नवंबर 2025 तक) रवाना होने का समय : सुबह 06:30 बजे प्रमुख ठहराव : खुर्दा




रोड, भुवनेश्वर, ढेंकनाल, अंगुल, सम्बलपुर, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर, भुसावल, जलगांव, नंदुरबार, व्यारा, चलथान उधना आगमन : अगले दिन दोपहर 02:00 बजे

08472 उधना-पुरी पूजा स्पेशल उधना से हर मंगलवार (23 सितंबर से 25 नवंबर 2025 तक) रवाना होने का समय : शाम 05:00 बजे प्रमुख ठहराव : चलथान, व्यारा, नंदुरबार, अमलनेर, जलगांव, भुसावल, अकोला, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, झारसुगुड़ा, सम्बलपुर, अंगुल, ढेंकनाल, भुवनेश्वर, खुर्दा रोड पुरी आगमन : अगले दिन रात 10:45 बजे

### ठहराव और सुविधा

वाणिज्यिक ठहराव : बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन)

कोच संरचना : कुल 18 कोच 02 एसएलआरडी 04 सामान्य 07 स्लीपर 04 एसी थर्ड क्लास 02 एसी सेकंड क्लास

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26